# विवाद के बाद युवक की हत्या

## आरोपी बहनोई को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर जीजा ने नशे की हालत में झगड़ा कर रहे साले की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। गुरुवार शाम हुई इस घटना के बाद आरोपी भागने लगे लेकिन लोगों ने जीजा को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एक की तलाश जारी है।



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

बिहार के किशनगंज जिले के धरमगंज क्षेत्र निवासी सूरज (32) अपने बहनोई मंगल और उसके चचेरे भाई आकाश के साथ सुबेहा के मोहम्मदपुर स्थित ईंट भट्ठे पर काम करता था। तीनों वहीं कोठरी में रह रहे थे। गुरुवार शाम नशे की हालत में सूरज और आकाश के बीच हुई कहासुनी हाथापाई में बदल गई। बहनोई मंगल बीच-बचाव करने पहुंचा, लेकिन विवाद बढ़ गया। मंगल ने पास पड़ा डंडा उठाकर सूरज के सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। मंगल और आकाश भागने लगे, लेकिन मजदूरों ने मंगल को पकड़ लिया जबकि आकाश फरार हो गया। सुबेहा व हैदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पर उपजा सीमा विवाद खत्म हुआ और घटना हैदरगढ़ क्षेत्र में हुई मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ठगी करने वाले 4 शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर पुलिस ने सफेद धातु के कूटरचित बिस्किट बनाकर ठगी करने वाले 4 शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस ने राजू सोनी, कपिल मिश्रा, लल्लू तिवारी, मुन्ना सिंह को रीवां-सीवा से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो कूटरचित सफेद धातु के बिस्किट बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे राजू सोनी के साथ मिलकर सोने-चांदी की रिपेयरिंग का काम करते है। यह जाली मिलेट के ऊपर चांदी की पालिस चढ़ाकर चांदी के रेट में बेचकर जो लाभ कमाते थे उससे महंगे शौक पूरे करते हैं।

# थाने के पीछे झुलसी मिली किशोरी ने तोड़ा दम

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को मोहम्मदपुर खाला थाने के पीछे एक ईंट भट्ठा के पास एक किशोरी गंभीर रूप से झुलसी दशा में मिली। जिसने लखनऊ ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटनास्थल से पुलिस ने किशोरी को तत्काल सीएचसी भिजवाया। जहां से जिला अस्पताल फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। उसने अपने बयान में किसी पेट्रोल पंप कर्मी का नाम लिया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

मोहम्मदपुर खाला थाने के पीछे कुछ दूरी पर प्रभास ईंट भट्ठा है। उसके करीब आग व धुआं उठता देखकर किसी राहगीर ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक किशोरी को जलता देखा। पुलिस ने आग बुझाकर उसे सीएचसी भिजवाया, जहां से उसे जिला अस्पताल फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय किशोरी ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा कि घटनास्थल पहुंची किशोरी ने कथित रूप से पेट्रोल खुद पर छिड़ककर आग लगी ली। किशोरी कस्बा की ही रहने वाली है। एक माह पहले किशोरी के पिता की मौत हो चुकी है। जिला अस्पताल में उसने जिस पेट्रोल पंप कर्मी अखिलेश का नाम लिया, वह फिलहाल वहां काम नहीं करता। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। युवक की तलाश जारी है।

# पत्नी से बहस के बाद ट्रेन के आगे कूदा शिक्षक, मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घरेलू विवाद के बाद निजी स्कूल के शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार सुबह रानीबाजार-त्रिलोकपुर मार्ग पर स्थित क्रासिंग से कुछ दूर नरैनीपुरवा के निकट रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। परिजनों ने मृतक की पहचान कजियापुर निवासी श्याम सिंह (41) पुत्र चंद्रभान सिंह के रूप में की। श्याम सिंह इस समय मसौली के त्रिलोकपुर में अपने परिवार के साथ रहते थे और यहीं पर बीपी शुक्ला इंटर कालेज में अंग्रेजी के अध्यापक थे। बताया जा रहा कि गुरुवार की सुबह किसी बात को लेकर उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह घर से निकल गए। क्रासिंग के गेटमैन ने बताया कि एक व्यक्ति वहां पहुंचा और आ रही ट्रेन के आगे कूद गया। पत्नी बदहवास हो गई तो हाईस्कूल में पढ़ रही बेटी प्रतीक्षा पिता गवां देने के गम का इजहार करती रही। श्याम सिंह के स्कूल में भी शोक व्याप्त हो गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया ट्रेन के आगे कूदने की बात सामने आ रही है, वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी।

## प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर महिला, पुरुष की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। लखनऊ जोन की उत्तर प्रदेश पुलिस अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर भारोत्तोलन, योग व पॉवरलिफ्टिंग की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के जनपदों की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स संगम कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# अबूझ पहेली बना शोएब हत्याकांड

अमृत विचार Follow UP

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जेलर हत्याकांड के आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बाबी हत्याकांड जांच के लिए जुटी पुलिस टीमों के लिए अबूझ पहेली साबित होता जा रहा है। टीमों की कोशिश और दौड़भाग में कोई कमी नहीं और न ही उसने कोई पहलू ही छोड़ा है पर अभी तक कोई सुराग हाथ न लगना यह संकेत दे रहा कि घटनाक्रम बहुत ही उलझा हुआ है, इसे सुलझा पाना कम टेढ़ी खीर नहीं। उधर अधिवक्ता संघ की नजर भी अब पुलिस की जांच पर जा टिकी है।

शोएब हत्याकांड को आज छह दिन हो गए और कल शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक सप्ताह पूरा हो जाएगा। इस मामले की जांच के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई थीं। टीमों ने हत्या के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल डाले, हर रास्ते की खोजबीन की।

लखनऊ से लेकर सुल्तानपुर व अन्य जिलों की खाक छानी। एसटीएफ के साथ मिलकर घटना की चर्चा की। रही बात परिवार के असहयोग की तो उनसे बात भी हो गई। सीडीआर से लेकर चैट तक एकत्र कर ली पर एक अदद सुराग तक हाथ नहीं लग सका। इस हत्याकांड का सबसे नकारात्मक पहलू भी यही है क्योंकि पुलिस का हरसंभव प्रयास इस घटना पर पड़ा रहस्य का पर्दा हटाना है। लगातार कोशिश के बावजूद टीमों के हाथ कोई लीड न लगने से अब निराशा का माहौल है।

एक बात स्पष्ट है कि हत्या की घटना को अंजाम देने में बेहद ही शातिर ढंग से योजना बनाई गई, वहीं कई माह से इसकी तैयारी चल रही थी। घटनाक्रम के तार इस कदर उलझे हैं कि बड़ी से बड़ी वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस के लिए यह हत्याकांड किसी गले की फांस से कम नही है। इसके बावजूद पुलिस किसी एक सुराग का इंतजार कर रही है। उधर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा का कहना है कि संघ की नजर जांच पर टिकी हुई है, समय आने पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

# दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**बाराबंकी: अमृत विचार :** बुधवार देर रात से गुरुवार दोपहर तक हुए अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दंपति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को कोटवासड़क-कोटवाधाम मार्ग पर गाजीपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना में दूसरी बाइक पर सवार नारायणपुर बड़ेला निवासी राम सिंह (25) पुत्र मोहनलाल व उनकी पत्नी रीता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार खजूरी निवासी करन कुमार पुत्र रामतीर्थ की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि के अनुसार लोनीकटरा क्षेत्र में दहिला डेयरी के पास बुधवार देर रात बाइक व ऑटो में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार नन्हा प्रसाद रावत (50) पुत्र हुबलाल निवासी ग्राम भिलवल व इनका पुत्र सचिन (26) घायल हो गया। दुर्घटना करने वाले ऑटो चालक ने अपने वाहन से ही इन्हें अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने नन्हा प्रसाद रावत को मृत घोषित कर दिया। घायल सचिन का उपचार जारी है। कोठी प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के भोराई रसूलाबाद गांव निवासी स्वामीदीन रावत (50) अपने भांजे सोनू के साथ बुधवार रात दरवाजे पर बैठे थे। रात करीब 11 बजे अनियंत्रित कंटेनर ने दोनों को रौंद दिया। जिससे स्वामीदीन की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका भांजा घायल हो गया।

## ई रिक्शा चलाते आया हार्टअटैक, चालक की मौत

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** इचौली निवासी मोहम्मद मेराज ई रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था। गुरुवार को वह दो सवारियां लेकर कस्बा होकर जा रहा था। रास्ते में ही अचानक उसके दिल में दर्द होने लगा और रिक्शा बेकाबू हो गया, यह देख सवारियां तो कूदकर भाग गईं लेकिन ई रिक्शा समेत चालक मेराज खाई में जा गिरा। मौके पर भीड़ जुटी वहीं सूचना पर पुलिस भी पहुंची लेकिन तब तक मेराज की मौत हो चुकी थी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और उनमें रोना पिटना मच गया। घटना के बाद परिजन शव लेकर चले गए।

## जिला जज ने शिविर की तैयारी का लिया जायजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन स्थल जीआईसी ऑडिटोरियम का जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर जिला जज व नोडल अधिकारी मेगा कैम्प कृष्ण चंद्र सिंह, सिविल जज शिवानी रावत, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन तथा परियोजना निदेशक राकेश सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण में साफ-सफाई, स्टाल, मंच सज्जा, पेयजल, जलपान व लाभार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**निन्दूरा, बाराबंकी: अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई और दोनों ओर से धारदार हथियार ईंट का प्रयोग हुआ। दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पहले पक्ष के प्रमोद कुमार निवासी ग्राम चुलिहापुरवा मजरे सैन्दर का आरोप है कि 18 फरवरी की दोपहर वह अकम्बा चौराहा, मजरे डिंगरी स्थित अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बांकानगर निवासी मूलचन्द्र व जगदीश समेत उनके परिवार के सदस्य उनकी जमीन पर जबरन मकान निर्माण कराने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने बाके से हमला कर उनके सिर पर कई वार किए और जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में उन्हें छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। वहीं दूसरे पक्ष के मूलचन्द्र पुत्र नत्थाराम निवासी ग्राम बांकानगर ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान प्रमोद यादव व राजू यादव ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया और जमीन को अपनी बताकर विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि विपक्षियों ने जातिसूचक गालियां दीं तथा ईंट, गुम्मा और लाठी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

# महिला से छेड़खानी व अपहरण का प्रयास

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक आटो चालक ने घर जा रही महिला से छेड़खानी की फिर उसे जबरन गाड़ी में बिठाने की कोशिश की। पीड़िता ने सीओ से शिकायत की तब उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार 17 जनवरी को शाम गांव निवासी रिजवान पुत्र निसार ने उसके साथ छेड़खानी की तथा कथित रूप से जबरन ऑटो में बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता के विरोध करने पर वह सफल नहीं हो सका। घटना की सूचना उसी दिन थाना सुबेहा में दी गई थी। महिला का आरोप है कि 23 जनवरी को दोपहर युवक उसकी दुकान पर पहुंचा और दोबारा छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह कथित रूप से जान से मारने व बदनाम करने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपित ने उसे अगली बार गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। घटनाओं से भयभीत महिला ने 16 फरवरी को क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

# अनुभूति में युवा प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) एवं श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अनुभूति एवं अभिव्यक्ति-2026 का गुरुवार को शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम, विवि के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल, कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि शास्त्रीय गायिका नीलिमा,



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम। ● अमृत विचार

शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल, एसआरएमसीईएम के निदेशक डॉ. भावेश चौहान तथा प्रिंसिपल डॉ. बॉबी लायल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल ने कहा कि अनुभूति एवं अभिव्यक्ति 2026 केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा, संवेदनशीलता और नवाचार क्षमता को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम ने कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण और कौशल विकास का भी केंद्र है। महोत्सव के पहले दिन यूनिवर्सिटी क्लब के सदस्यों एवं अपनी पाठशाला के नन्हें विद्यार्थियों ने सोलो डांस, माइम, ग्रुप सिंगिंग, कॉस्प्ले, दिल तो बच्चा है जी, डुएट डांस, मोनो एक्ट तथा बैंड-डीजे जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। ऑफ-स्टेज प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अपनी पाठशाला में डिबेट डायरीज, ओपन माइक डायरीज, फेस पेंटिंग, लाइव स्केचिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**आयोजन** — हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम में निपुण बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व शिक्षक किये गये सम्मानित

# बच्चों का बचपन सुसज्जित करना सबका दायित्व :बीएसए

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का प्रेरणास्पद आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव और बाल विकास परियोजना अधिकारी पारुल शुक्ला ने संयुक्त रूप से मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और ब्लॉक के निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट




शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को सम्मानित करते बीएसए व अन्य अधिकारी।

कार्य करने वाले शिक्षक राजीव श्रीवास्तव, सोनिका मिश्रा, गरिमा मिश्रा, दीप्ती यादव, एकता मिश्रा, सबीहा फिरदौस, काजल वर्मा, बुशरा रियाज और रिंकी सिंह को भी बीएसए ने सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कहा कि हमारे बच्चे केवल हमारे नहीं, अपितु राष्ट्र के भविष्य हैं। उनके कोमल बचपन को सुसंस्कृत, सुसंवर्धित एवं सुसज्जित करना हम सभी का उत्तरदायित्व है। सम्पूर्ण बेसिक शिक्षा परिवार एक ही नाव पर सवार है और हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं शिक्षकों का यह दायित्व है कि यह नाव कभी डगमगाए नहीं, अपितु सफलता के तट तक निरंतर अग्रसर होती रहे। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालयों में हो रहे भौतिक और शैक्षिक परिवर्तनों की सराहना की।

एसआरजी अवधेश कुमार पांडे ने सभी अतिथियों को शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शित कर रहे शिक्षकों के स्टॉल का अवलोकन कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय गुरेला, बरगदही, नसीरपुर, मंशापुरवा और बड़ागांव के बच्चों ने देशभक्ति और सामाजिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। वरिष्ठ आंगनबाड़ी नोडल आदित्य वर्मा और एआरपी आशीष शुक्ल ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामूहिक उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और एआरपी राजेश कुमार यादव ने किया। ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, सुपरवाइजर और शिक्षक उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र और बिस्कुट

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** परसादी पुरवा और मल्लाहन पुरवा में राष्ट्रीय जागरण मंच की ओर से गुरुवार को जरूरतमंदों के बीच वस्त्र और बिस्कुट का वितरण किया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव सहयोगी अजय श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव और पूर्व प्रधान सरसवा हरि किशोर सिंह के साथ गांव पहुंचे और महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को राहत सामग्री सौंपी। बच्चों को बिस्कुट और ग्रामीणों को रंग-बिरंगे परिधान देकर उनके चेहरे पर खुशी देखी गई। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है और समाज के सक्षम लोगों से जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की।

## सड़क निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

**बाराबंकी : अमृत विचार :** बस स्टैंड से जनेस्मा कॉलेज होते हुए रेलवे स्टेशन तक बन रही सड़क का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पैदल चलकर निरीक्षण किया। 1.5 किमी लंबाई वाले इस मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य अवस्थापना निधि से 308.51 लाख की लागत में कराया जा रहा है। परियोजना के तहत सड़क का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, दोनों ओर नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट, हरित पट्टी/पौधरोपण और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि यह मार्ग एक मॉडल सड़क के रूप में विकसित हो। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद और कार्यदायी संस्था के अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनी छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शांति विहार कॉलोनी में कमेरा स्वाभिमान महासंघ के तत्वावधान में छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष ने शाहूजी महाराज को सामाजिक न्याय, नारी उत्थान और समाज कल्याण का नायक बताते हुए कहा कि उन्होंने शोषित और वंचित वर्ग के मान-सम्मान को ऊपर उठाया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर टीएन सिंह वर्मा ने बताया कि महाराज ने देश में पहली बार अपने राज्य में पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश वर्मा ने शाहूजी महाराज को ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों का अनुयायी बताया। संचालन वीरेंद्र वर्मा ने किया, जबकि मीडिया प्रभारी भूकांत वर्मा ने संगठन की एकता बढ़ाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर डॉ. प्रेम प्रकाश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, अमरेंद्र वर्मा, जय किशन वर्मा, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गोलवलकर की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय लॉज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज सेवा न्यास के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता अजय सिंह (राष्ट्रभाषा परिषद) ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला संघ चालक डॉ. आर.एस. गुप्ता और मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुजी के चित्र पर रोली-अक्षत से तिलक एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कवि नारायण शर्मा के काव्य पाठ से समारोह की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि डॉ. गुप्ता ने कहा कि गुरुजी के साहित्य और विचारों में मानव धर्म, समाज धर्म एवं राष्ट्र धर्म का त्रिवेणी संगम मिलता है। इस मौके पर योगेंद्र सिंह वर्मा, देवी शरण गुप्ता, रामस्वरूप यादव, सुनील कुमार मौर्य सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन राम लखन शुक्ला ने किया तथा आभार ज्ञापन देवी शरण गुप्ता ने व्यक्त किया।

## मनरेगा में किये गये संशोधन वापस लेने की मांग



ज्ञापन देते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मनरेगा बचाव अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिव कुमार वर्मा को सौंपा। कांग्रेस ने मांग की कि मनरेगा में किए गए संशोधनों को वापस लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में अजीत वर्मा, एडवोकेट मोहम्मद इजहार, राम हरख रावत, एडवोकेट वीरेन्द्र यादव, सना चौधरी, राजेन्द्र गोस्वामी, राजकुमार आदि थे।

## अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों प्रेमचन्द्र पाल, हरीश मौर्य और प्रदीप कुमार निगम ने नामांकन दाखिल किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर छह प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। उपाध्यक्ष प्रथम पद पर सत्यदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष द्वितीय पर गणेश शंकर मिश्रा व सर्वेश श्रीवास्तव ने नामांकन किया। महामंत्री पद के लिए अनीत कुमार रावत, अमर सिंह वर्मा, संजय कुमार सिंह नम्बरदार, मनीष कुमार श्रीवास्तव, कुबेर सिंह और राम औतार ने दावेदारी पेश की। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर सुनील कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पर अजय कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर रंगनाथ त्रिपाठी तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर अनुज कुमार जोशी व नियाज वारिस ने नामांकन दाखिल किया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि मतदान 26 फरवरी को होगा।

## नवागत सीवीओ ने ग्रहण किया कार्यभार



नवागत सीवीओ का बुके देकर स्वागत करता कार्यालय स्टाफ। ● अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** डॉ. विनोद कुमार ने गुरुवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व इस पद का प्रभार उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सदर) डॉ. सुधीर कुमार वर्मा के पास था। पदभार ग्रहण करने के दौरान कार्यालय स्टाफ ने डॉ. विनोद कुमार का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान निवर्तमान प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. श्रद्धा सचान, प्रधान सहायक एवं अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद मुस्तफा खां, प्रधान सहायक एवं महामंत्री गौरव वर्मा, वरिष्ठ सहायक निधि सिंह, अभिषेक, रामपाल, अनमोल, राजेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव एवं भंडारे का आयोजन



हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीराम लीला दशहरा मन्दिर में गुरुवार को 11वां वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से अभिषेक और हवन का आयोजन किया गया, दोपहर 2 बजे से भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम लीला सेवा समिति के महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने बताया कि यह उत्सव सहयोग की भावना को मजबूत करता है। पंडित प्रमोद पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, कृष्णा, अंकित गुप्ता, गोलू, मुन्ना सोनी, प्रशांत सिंह, पुरुषोत्तम टंडन, अभिनव, राजा, राजीव पाठक और पामेश उपस्थित रहे।

मुकद्दस रमज़ान



- दूसरा रोज़ा–
  - अफ्तार–शुक्रवार 6 :04 बजे
- तीसरा रोज़ा–
  - सहरी–शनिवार 5 :23 बजे।

न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चौथे हत्यारोपी को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** रास्ते में रोक कर बेरहमी से अक्षय सिंह की हत्या में शामिल चौथा हत्यारोपी पुलिस की पकड़ में आ गया, जबकि पांचवें की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि वह भी जल्द गिरफ्त में होगा। बताते चलें कि 10 फरवरी की सुबह प्रेम–प्रसंग की रंजिश में बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा गांव में अक्षय सिंह की बीच रास्ते में रोक कर लाठी–डंडे और भाले से बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अक्षय के भाई सूरज सिंह की तहरीर पर उसके चाचा अजीत सिंह उर्फ पिंकू सिंह,उसके भाई जगदीश सिंह,जगदीश की पत्नी पुष्पा, सुधीर सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए हत्यारोपियों की तलाश शुरु कर दी। 12 फरवरी को अजीत सिंह उर्फ पिंकू सिंह,जगदीश सिंह और जगदीश की पत्नी पुष्पा की गिरफ्तारी हो चुकी थी, गुरुवार को चौथे हत्यारोपी सुधीर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पांचवें की तलाश की जा रही है।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आज से

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेट अनुनय झा ने बताया है कि होली पर्व समीप होने के कारण अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाना आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु 20 फरवरी से छह मार्च 2026 तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है।

### बैठक 23 को

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने बताया कि जिला पंचायत की बैठक 23 फरवरी को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रेमावती की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

# रामनाम संकीर्तन के साथ हरैंया पहुंचा रामादल

## अष्टम बैकुण्ठ परिक्रमा यात्रा का जिले के प्रथम पड़ाव पर साधु-संतों व श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत

प्रदीप वैश्य, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** अष्टम बैकुण्ठ माने जाने वाले नैमिषारण्य की प्रसिद्ध चौरासी कोसी धर्मयात्रा की शुरुआत महंत नन्हकू दास द्वारा परंपरागत रूप से डंका बजाकर की गई। गुरुवार को परिक्रमा यात्रा अपने अगले पड़ाव स्थल कोरौना होते हुए जिले के प्रथम परिक्रमा पड़ाव स्थल हरैंया पहुंची। परिक्रमा यात्रा के जिले में प्रवेश करते ही परिक्रमा मेला अध्यक्ष ननहक्कू दास उर्फ नारायण दास, मेला सचिव संतोष दास खाकी सहित अन्य साधु संतों व परिक्रमार्थियों का जिले के प्रशासनिक आला अधिकारियों ने स्वागत किया। जिनमें उपजिलाधिकारी सण्डीला नारायणी भाटिया, नायब तहसीलदार अनुपमा, क्षेत्राधिकारी सण्डीला सत्येन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी हरियावां संतोष कुमार, राजस्व अधिकारियों, नगर पंचायत बेनीगंज, कछौना, सण्डीला के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधान खूबकली ग्राम पंचायत हरैंया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा, जे.बी. सिंह लिपिक नगर पंचायत बेनीगंज शामिल रहे। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया।

परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए। जिसके बाद परिक्रमा यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने आदिगंगा मां गोमती में स्नान ध्यान कर धुनी रमाई। इस परिक्रमा पथ पर कुल 11 पड़ाव पड़ते हैं जिनमें से सात पड़ाव- कोरौना, देवगवां, मड़रूआ, जरिगवां, नैमिषारण्य, कोल्हुआ बरेठी व मिश्रिख सीतापुर जिले में पड़ते हैं और पांच पड़ाव हरैया, नगवा-कोथावां, गिरधरपुर-उमरारी व साक्षी-गोपालपुर (साखिन) हरदोई जनपद में पड़ते हैं। ये सभी पड़ाव पार कर परिक्रमार्थी 11वें दिन महर्षि दधीचि की नगरी मिश्रिख पहुंचते हैं और शेष पांच दिनों में मिश्रिख तीर्थ की पंचकोसी परिक्रमा करते है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिकादहन से पूर्व दधीचि कुंड में स्नान व आचमन-पूजन के साथ 84 कोसी परिक्रमा पूर्ण होती है।





संतों का स्वागत करतीं संडीला एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

### पड़ाव स्थल पर यह रहे मुख्य आकर्षण

गुरुवार को सुबह भोर हरैंया पहुंची परिक्रमा यात्रा में बाबा बारक दास महाराज की पालकी, बाबा अटल दास निर्भय दास आश्रम शाहजहांपुर जोकि लगभग 45 वर्ष से परिक्रमा कर रहे हैं और लगभग 55 वर्षों से अपने बाल नी कटवाए है उनके लगभग पांच मीटर लम्बे बाल देखने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

### पैदल, घोड़े व पालकी की सवारी

इस परिक्रमा यात्रा में भाग लेने वाले साधु–संत व श्रद्धालु जब हाथी, घोड़ों और पैदल यात्रा करते जयकारों के साथ विभिन्न वाद यंत्रों को बजाते हुए भजन कीर्तन के साथ परिक्रमा करते हैं तथा प्रशासन व जनसामान्य द्वारा पुष्पवर्षा द्वारा अभिनन्दन किया जाता है तो इस दिव्य तीर्थ की रौनक देखते ही बनती है। इस परिक्रमा यात्रा में उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में साधु–संत भाग ले रहे हैं। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्रवासियों के द्वारा चाय और जलपान की व्यवस्था भी की गई है।



पालकी में सवार बाबा बारक दास जी महाराज। अमृत विचार



पांच मीटर लम्बे बाल वाले बाबा अटल दास जी महाराज।



परिक्रमा करती दिव्यांग रामदेवी साथ में कृष्णा देवी, सुनीता देवी।

### राम ने जहां-जहां विश्राम किया, वही बने पड़ाव

शास्त्रकारों के अनुसार वनवास काल के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने ऋषि मुनियों व वनवासियों के साथ इस पुण्य क्षेत्र की पदयात्रा की थी। इस दौरान जिन–जिन स्थानों पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया था, वे स्थल आज भी परिक्रमा मार्ग के पड़ाव के रूप में विख्यात हैं और परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे को रामादल के नाम से पुकारा जाता है।

### परिक्रमार्थियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प

परिक्रमा यात्रा कर रहे परिक्रमार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां अधीक्षक डॉक्टर विपुल वर्मा की अगुवाई में परिक्रमा पड़ाव स्थल में तीन स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए जिनमें परिक्रमार्थियों को नि :शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई और साथ ही साथ आपातकाल की स्थिति के लिए एम्बुलेंस सेवा का भी इन्तजाम किया गया।



परिक्रमा करतीं 80 वर्षीय बिटाना।

### 84 कोसीय परिक्रमा पथ के प्रमुख तीर्थस्थल

**कोथावां, हरदोई।** नैमिषराण्य तीर्थ के 84 कोसीय परिक्रमा पथ के प्रमुख तीर्थस्थलों में चक्रतीर्थ सरोवर, श्री सिद्धि विनायक धाम, व्यासपीठ, सूत गद्दी, मनु–सतरूपा तपस्थली, श्रीराम की अश्वमेघ यज्ञशाला, आदिगंगा गोमती घाट, हनुमानगढ़ी, पाण्डव किला, प्राचीन भूतेश्वर मन्दिर, हत्याहरण तीर्थ (ब्रह्म सरोवर), सूर्यकुण्ड, पंच प्रयाग, दशावतार मंदिर, मां ललितादेवी धाम और मिश्रिख का दधीचि कुंड हैं। इसके साथ ही ऋषियों, संतों व अवतारी सत्ताओं की इस पावन भूमि पर साधु–संतों व महंतों के सैकड़ों आश्रम हैं। बड़ी संख्या में जिनके अनुयायी इस परिक्रमा यात्रा में शामिल होने के लिए फाल्गुन मास में यहां जुटते हैं, इनमें ब्रह्मलीन स्वामी श्रीनारदानंद महाराज का आश्रम विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जहां आज भी वैदिक युगीन प्राचीन आश्रम पद्धति से बच्चों को शिक्षा दी जाती है। पंचप्रयाग सरोवर के किनारे पुराणकालीन अक्षयवट नामक वृक्ष है। यहां का ललितादेवी धाम मां दुर्गा के 108 सिद्धपीठों में एक है। इसके साथ ही गोवर्धन महादेव, क्षेमकाया देवी, जानकी कुंड के साथ ही अन्नपूर्णा, धर्मराज मंदिर तथा विश्वनाथजी का भी मंदिर है जहां पिण्डदान भी होता है।



पहला आश्रम डंका वाले बाबा रामविलास उर्फ करिया दास।



आदिगंगा मां गोमती में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अष्टम बैकुंठ के नाम से विख्यात है सतयुगीन तीर्थ नैमिषारण्य

भारतवर्ष की पुण्यधरा पर पग–पग पर ऐसे दिव्य तीर्थ विद्यमान हैं जहां लोककल्याण की कामना से गहन तपसाधना करने वाले महान ऋषियों मनीषियों की तप ऊर्जा के दिव्य स्पंदन आज भी सहज ही अनुभव किये जा सकते हैं। हमारी देवभूमि का ऐसा ही सतयुगीन तीर्थ है नैमिषारण्य जोकि अष्टम बैकुंठ के नाम से विख्यात है। इस सतयुगीन तीर्थ के महिमामंडन से हमारे पुराण ग्रंथ भरे पड़े हैं।



भोर की ठण्ड में अलाव तापते परिक्रमार्थी।

# डीएम ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद लखनऊ में स्थित जनभवन प्रांगण, में विगत छह से नौ फरवरी तक आयोजित प्रादेशिक शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में जनपद हरदोई के उद्यान विभाग से जुड़े किसानों ने अपना अलग परचम लहराया है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में औद्यानिकी के क्षेत्र में जनपद ने कुल 11 पुरस्कार जीतकर कई किसानों के लिये मिसाल कायम की है।

जनभवन प्रांगण में उक्त दिवसों में आयोजित प्रादेशिक शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल एवं दिनेश प्रातप सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात द्वारा विभिन्न औद्यानिक फसलों के प्रदर्शों में लगाये गये स्टालों में उत्कृष्ट प्रदर्शों के प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत किया गया। जिनमें जनपद के प्रमुखत ओमप्रकाश मौर्य, ग्राम पहाड़पुर, विकासखण्ड भरावन द्वारा शहद उत्पादन कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने भी ऐसे किसानों को बधाई देते हुए सम्मानित किया।




प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते डीएम अनुनय झा।

### नगदी सहित लाखों रुपये की कीमत के जेवर चोरी

**शाहाबाद हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम आदमपुर में बीती रात घर से पांच हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए। पीड़िता सरिता यादव के अनुसार सुबह उसे चोरी की घटना का पता चला। घर में रखे पांच हजार रुपये नगद और संदूक में रखे कीमती जेवरात गायब मिले। पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

# चौकी प्रभारी व हेड कांस्टेबल निलंबित

संवाददाता, हरदोई

- प्रशासनिक अधिकारी के मकान में चोरी के मामले में लापरवाही मिलने पर एसपी ने की कार्रवाई



**अमृत विचार।** प्रशासनिक अधिकारी के घर ताला तोड़कर हुई लाखों रुपये की चोरी में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। जिसके बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ सिटी अंकित मिश्रा की रिपोर्ट पर जेल पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विनोद गोस्वामी और हेड कांस्टेबल मो. रहीश को निलंबित करते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं

बताते चलें कि शहर के आज़ाद नगर निवासी सिंचाई विभाग के प्रशासनिक अधिकारी सुनील जौहरी के घर ताला तोड़ कर करीब दो किलो चांदी और 400 ग्राम सोने के ज़ेवर के साथ 5 लाख का कैश होने के मामले में एसपी श्री मीणा ने सीओ सिटी श्री मिश्रा को जांच सौंपी थी,उनकी जांच रिपोर्ट में सामने आया कि कोतवाली शहर की जेल चौकी प्रभारी विनोद गोस्वामी और हेड कांस्टेबल मो.रहीश ने गश्त और संदिग्ध लोगों की चेकिंग न कर अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरती,उसी लापरवाही में चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। रिपोर्ट आने पर एसपी ने कार्यवाही करते हुए आगे की जांच के आदेश जारी किए है। उन्होने फिर एक बार मातहतों से दो टूक कहा है कि अपने कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति लापरवाही न बरते,नहीं तो इसी तरह की कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### युवती से मारपीट, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटौली मजरा अल्लीगढ़ में युवती के साथ गाली–गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता पुष्पा (18) पुत्री रघुदू ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के अनुसार 18 फरवरी को गांव निवासी हिमांशु पुत्र प्रभाकर नशे की हालत में दरवाजे पर पहुंच गया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी–डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर बचाने पहुंचे भाई अमित को भी आरोपियों ने पीट दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि हिमांशु के साथ अंशु पुत्र प्रभाकर व नितेश पुत्र रामचंद्र ने भी मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करने वाले सईक पर कसी गई लगाम

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी में रामलीला मैदान के पास की सरकारी जमीन से अवैध कब्ज़ा हटवाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कई बार नोटिस भेजने के बाद अब पालिका प्रशासन ने अपनी ज़मीन के कब्ज़ेदार सईक के खिलाफ एसडीएम शाहाबाद कोर्ट में पीपी एक्ट (पब्लिक प्रिमाइसेस) के तहत केस दर्ज कराया है। जिसकी पहली सुनवाई सप्ताह भर में होने की उम्मीद है।

एसडीएम शाहाबाद अंकित तिवारी ने बताया कि अवैध कब्ज़ा करने वाले सईक को पहले अपना मालिकाना हक़ साबित करने का मौका दिया जाएगा, पेश किए गए सबूत खिलाफ जाने के बाद जबरन बेदखली कर कराया गया अवैध निर्माण गिराया जाएगा और उसका हर्जाना भी वसूला जाएगा। मजिस्ट्रेट संध्या यादव का कहना है कि उन्होने ने मौके पर पहुंच कर जांच कर चुकी है, अब पूरी तरह से कानूनी कार्रवाई करते हुए किए गए कब्ज़े को जबरन हटाया जाएगा।

वहीं नगर पालिका परिषद के ईओ अमित कुमार सिंह का कहना है कि एसडीएम कोर्ट से फैसला आते ही अवैध निर्माण गिराया जाएगा। उन्होनें दावे के साथ कहा कि सईक के पास उस ज़मीन के कोई भी दस्तावेज़ नहीं है,कराया गया निर्माण अवैध है। साथ ही नायव तहसीलदार अजीज अहमद, कानूनगो संजय मिश्रा व सदर लेखपाल आशीष बाजपेई ने बताया कि सईक का पूरा मकान सरकारी ज़मीन बना हुआ है,उसे कई बार चिन्हांकित भी किया जा चुका है।

### विशेष अभियान दिवस 22 को

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिला मजिस्टेट, न्यायिक/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पीडी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 22 फरवरी को फार्म–6 व लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के अभिलेखों को एकत्रित करने और उसे बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटलीकरण करने हेतु विशेष अभियान दिवस मनाया जायेगा।

# हरदोई–शाहजहांपुर रेल खंड पर अवैध वेंडरिंग पर लगेगी रोक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्रेनों और रेलवे परिसरों में बढ़ती अवैध वेंडरिंग को लेकर आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश जीआरपी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल डी. प्रकाश के बीच अहम विचार-विमर्श हुआ। बैठक का फोकस यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और मानक अनुरूप खानपान उपलब्ध कराने के साथ-साथ अधिकृत सेवा प्रदाताओं के सामने आ रही चुनौतियों के समाधान पर रहा।



अधिकारियों ने माना कि ट्रेनों के कोचों में अत्यधिक भीड़ के कारण कैटरिंग स्टाफ को काम करने में दिक्कतें आती हैं। सीमित जगह में खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण, समय पर वितरण और यात्रियों की बढ़ती मांग को संभालना आसान नहीं होता। इन चुनौतियों के बीच कुछ रेलखंडों में अनधिकृत वेंडरों की सक्रियता स्थिति को और जटिल बना देती है। ये वेंडर अक्सर बिना लाइसेंस के निम्न गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ बेचते हैं, जिससे यात्रियों के स्वास्थ्य पर जोखिम बढ़ता है और अधिकृत कंपनियों की सेवा भी प्रभावित होती है। बैठक में जिन मार्गों पर समस्या गंभीर बताई गई, उनमें हरदोई–शाहजहांपुर रेलखंड का नाम प्रमुखता से सामने आया। अधिकारियों का कहना है कि यहां अवैध वेंडरिंग पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी और संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता है। यात्रियों और सुरक्षा बलों को अधिकृत वेंडरों की पहचान में आसानी हो, इसके लिए आईआरसीटीसी ने नई व्यवस्था लागू की है।

### चलाया जाएगा संयुक्त विशेष अभियान

**हरदोई।** अब सभी अधिकृत कैटरिंग कर्मियों के लिए एक निर्धारित वर्दी अनिवार्य होगी, जिस पर सेवा प्रदाता कंपनी का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित रहेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक अधिकृत वेंडर को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किया गया है। स्कैन करने पर संबंधित जानकारी सत्यापित की जा सकेगी, जिससे फर्जी वेंडरों की पहचान आसान होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आईआरसीटीसी और जीआरपी संयुक्त रूप से संवेदनशील रेलखंडों पर विशेष अभियान चलाएंगे। अभियान के दौरान अवैध वेंडरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मानक विहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही, यात्रियों को जागरूक करने के लिए भी पहल की जाएगी ताकि वे केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाद्य सामग्री खरीदें। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि समन्वित प्रयासों से रेलवे में खानपान सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और यात्रियों को सुरक्षित व भरोसेमंद सेवा मिल सकेगी। संयुक्त अभियान के माध्यम से रेलवे परिसरों में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# टहलने निकले युवक की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, हरदोई, कछौना

**अमृत विचार।** घर से टहलने के लिए निकला युवक पूरी रात वापस नहीं लौटा,उसे ढूंढा जा रहा था,उसी बीच गुरुवार की सुबह घर वालों को उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने का पता चला। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।



अतुल की फाइल फोटो।

बालामऊ कस्बे के रेलवे गंज निवासी 27 वर्षीय अतुल कश्यप पुत्र विनोद कश्यप मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी सपना और दो बेटियों के साथ गुज़र कर रहा था। उसके चाचा रोहित कश्यप ने बताया कि बुधवार की शाम को अतुल घर पहुंचा, कुछ देर रुकने के बाद वह टहलने के लिए बाहर निकल गया, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा, घर वाले उसे सारी रात इधर-उधर ढूंढते रहे,उसी बीच गुरुवार की सुबह पता चला कि बुधवार की रात बालामऊ जंक्शन के डाउन ट्रैक पर अतुल की बरेली से प्रयागराज जा रही ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इसका पता होते ही अतुल के घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया।

### हादसे के शिकार हुए युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** साली की चौथी विदा कराकर लौट रहा बहनोई रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। सिर में गहरी चोंट लगने से उसे मेडिकल कालेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां से बुधवार को जवाब होने पर उसे घर लाया जा रहा था,उसी बीच रास्तें में मौत हो गई। साण्डी थाने के चचरापुर निवासी 30 वर्षीय रवि राठोर पुत्र राजकुमार की ससुराल बघौली थाने के कोट गांव में थी। 8 फरवरी को रवि अपनी चचेरी साली की चौथी विदा कराने गया था, शाम को बाइक से लौट रहा था। रास्ते में सीतापुर रोड पर सिकरोहरी पुल के पास दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था। उसके परिवार में पत्नी नन्ही ,एक बेटा और एक बेटी है।



दूसरा रोजा

शिया
सहरी : 05.09 बजे
अफ्तार : 06.15 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.16 बजे
अफ्तार : 06.05 बजे

# मासूम सहित तीन लोगों ने तोड़ा दम

## रामकोट सहित अन्य स्थानों पर हुए हादसे, पुलिस ने दर्ज किया केस

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार:** संपर्क मार्ग और हाइवे की सड़क पर हादसे हुए। अलग - अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में मासूम बच्चा, मिल कर्मचारी सहित तीन की मौत हो गई। महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार चल रहा है।

जवाहर चीनी मिल रामकोट में गोरखपुर निवासी अमरनाथ (50) पिछले 14 वर्षों से कार्यरत थे। बताते हैं कि वे कि वैवाहिक समारोह में शामिल होने के बाद अपनी ड्यूटी पर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उधर, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुसियाना निवासी राजकरण अपनी पत्नी नीतू के साथ भतीजे के जनेऊ संस्कार में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बाइक सवार दंपति घर लौट रहे थे। तालगांव थाना क्षेत्र में परसेंडी के निकट ट्रक ने ओवरटेक करते समय बाइक को टक्कर मार दी। जिससे राजकरण की मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल में भर्ती नीतू की हालत गंभीर है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह का कहना है कि वाहन को कब्जे में लिया गया है। इसी कड़ी में रेउसा थानाक्षेत्र में ग्राम जमौली निवासी राशी (5) पुत्री राममोहन खेत से घर लौट रही थी। इसी दौरान चंद्रसेनी–भिठौली मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



जिला अस्पताल मे भर्ती महिला। अमृत विचार

### राहगीर को बस ने रौंदा, मौत

कोतवाली देहात क्षेत्र में लखीमपुर–सीतापुर हाईवे पर तेज रफ्तार बस की चपेट में राहगीर आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान बस की टक्कर से एक स्कार्पियों भी क्षतिग्रस्त हुई। बताते हैं कि कोतवाली देहात के मोहल्ला बिजवार स्थित आजाद नगर निवासी रामसहाय (60) पुत्र सागर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान रोडवेज बस ने पहले स्कार्पियों को टक्कर मारी, बाद में बस की चपेट में रामसहाय भी आ गया। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो और रोडवेज बस दोनों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# घर में घुसकर फायरिंग दूल्हा सहित तीन गंभीर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** हलका दरोगा और बीट पुलिस की चूक ने मांगलिक कार्यकम में ऐसा व्यवधान डाला कि गोलियों की बौछार शुरू हो गई। दूल्हा सहित दो लोगों के गोली लगीं, जिन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। दूल्हा पक्ष के दो और लोग भी घायल है। खैराबाद थानाक्षेत्र के कनायतपुर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

खैराबाद थानाक्षेत्र के कनायतपुर निवासी शिवकुमार राजपूत के मुताबिक, उनकी पड़ोसी रामगोपाल के परिवार से रंजिश चली आ रही थी। ऐसे में कई वर्षों से वे लोग गांव छोड़कर चले गए। पांच दिन पहले पुत्र पवन की शादी को लेकर लौटे थे। विपक्षी लगातार धमकी दे रहे थे, सुरक्षा संबंधी सूचना उन्होंने घटना से पहले लिखित दी। बुधवार देर रात घर में तिलक समारोह चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान रामगोपाल के भतीजे सुजीत, जसवंत और पारिवारिक सदस्य शंकर, वीरू आदि आ गए। असलहे के बल पर पवन (22) जबरन उठाकर ले जाने लगे। विरोध करने पर अधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पवन और कौशल को गोली लगी। मारपीट में इसी पक्ष के सत्यम सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए पवन और कौशल लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। अन्य की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना प्रभारी खैराबाद एके सिंह का कहना है कि सुजीत, जसवंत आदि के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। कई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



गोली लगने से घायल पवन।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

### 14 साल पहले रामगोपाल को लगी थी गोली

रामगोपाल को 14 वर्ष पूर्व गोली लगी थी। जिसमें शिवकुमार पर गंभीर आरोप थे। इसी के बाद शिवकुमार का परिवार गांव छोड़कर चला गया। पिछले वर्ष रामगोपाल की मृत्यु की खबर है।

### आईटीआई चौकी इंचार्ज ने बरती लापरवाही

बताते हैं कि शिवकुमार ने विपक्षियों द्वारा दी जा रही धमकी और जानमाल की सुरक्षा को लेकर गांव आते ही पत्र थाने पर दिया। जिसको लेकर आईटीआई चौकी प्रभारी को अवगत कराया। पुलिस ने खास ध्यान नहीं दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिसवां में दरी उत्पादकों को मिला प्रशिक्षण

**सीतापुर।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजनान्तर्गत जनपद के पारम्परिक उत्पाद दरी को शामिल किया गया है। ओडीओपी उत्पाद दरी से जुड़े बुनकरों/हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से बिसवां में 10 बैचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दरी उत्पाद से सम्बन्धित दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त उद्योग, प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालक, दरी उत्पादक एवं निर्यातक सहित प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

### पेड़ से लटकता मिला विवाहिता का शव

**इमलिया सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में गुरुवार को विवाहिता मैना(21) का शव आम के पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छह वांछित व वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत बुधवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने छह वांछित और वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस टीमों ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना महोली पुलिस ने अमर सिंह और फुल्लू निवासी घर का तारा को गिरफ्तार किया। थाना सकरन पुलिस टीम ने तीन वारंटियों हल्लन, अरविंद और नन्हा निवासी धनपुरिया को दबोचा। थाना थानगांव पुलिस ने एक वारंटी अमीन (निवासी मकदूमपुरवा) को गिरफ्तार किया।

### लोक अदालत और मेगा शिविर की जानकारियां साझा

**सीतापुर।** आगामी 22 फरवरी को नवीन गल्ला मंडी में आयोजित होने वाले मेगा / वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को लेकर पैरा लीगल वालंटियर रहमत अली द्वारा लहरपुर कोतवाली परिसर में लोगों को विधिक प्रक्रियाओं व मेगा शिविर व होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मेगा शिविर में राजस्व, श्रम, पंचायतराज, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पुलिस, परिवहन, वन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, विद्युत, पशुपालन, खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी।

### कूड़े में लगी आग धू-धूकर जली एंबुलेंस

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** सिधौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में एम्बुलेंस आ गई। दमकल वाहन के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। सीएचसी प्रभारी का कहना है कि ये किसी शरारती तत्व का कार्य है, जिसने कूड़े के ढेर में बीड़ी अथवा सिगरेट डाल दी है। जिससे आग लग गई। फिलहाल निष्प्रयोज्य वाहन के अलावा कोई और नुकसान नहीं हुआ है।

### चीनी मिल के कब्जे के खिलाफ खोला मोर्चा

**हरगांव।** भाजपा जिला मंत्री उदित बाजपेई ने जिलाधिकारी से मिलकर चीनी मिल द्वारा आबादी की भूमि पर किए गए कब्जे की शिकायत की है। भाजपा नेता ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर भूमि को मुक्त कराने की मांग की गई है। उदित बाजपेई का आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में मिल के नाम मात्र कुछ ही भूमि दर्ज है, फिर भी मिल प्रबंधन ने विशाल आबादी क्षेत्र पर निर्माण करा लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को यह भी बताया कि प्रबंधन द्वारा शिकायतकर्ताओं का उत्पीड़न किया जाता रहा है।

# सड़क हादसे में बेटी की मौत, पति व पिता जख्मी

संवाददाता, सीतापुर।

- रामपुर कला थानाक्षेत्र के कंदुनी चौराहे पर हुई टक्कर

**अमृत विचार :** रामपुर कला थाना क्षेत्र के कंदुनी चौराहे पर बृहस्पतिवार रात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवती की मौत हो गई जबकि उनके पति व पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

कौरासा निवासी इब्राहिम (50) अपनी बेटी सूखी (27) व बिसवां के नकइला निवासी दामाद तौफीक (30) के साथ बाइक से रिश्तेदारी गए थे। बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे घर वापस जाते समय सिधौली-बिसवां मार्ग पर कंदुनी चौराहे के पास उनकी बाइक एक पिकअप की चपेट में आ गई। हादसे में सूखी की मौत हो गई जबकि इब्राहिम व तौफीक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्राधिकारी सीओ कपूर कुमार ने बताया कि पिकअप की तलाश की जा रही है।



सीडीपीओ शबीना फातिमा को प्रशस्ति पत्र देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं को मिला प्रशस्ति पत्र

**संवाददाता सीतापुर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सकरन अव्वल रहा। मिली प्रगति के आधार पर सीडीपीओ और मुख्य सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र मिला। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा कार्य की सराहना की गई। बता दें कि इस योजना के तहत लाभार्थी को पहली संतान के लिए 5 हजार और दूसरी बेटी के जन्म पर 6 हजार तक की सहायता राशि सीधे बैंक खाते में प्राप्त होती है। योजना का शत–प्रतिशत क्रियान्वयन सकरन में कार्यरत सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) शबीना फातिमा व सहयोगियों द्वारा किया गया। सार्थक प्रयास में मुख्य सेविका रीता मिश्रा, सुभाषिनी वर्मा, प्रगति मिश्रा, सुनैनी मौर्य, अंजली पाल सम्मिलित रहीं। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### दवा लेने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा, केस

**सीतापुर।** लहरपुर इलाके के ग्राम कोदहरा में पत्नी के साथ बच्चे की दवा लेने जा रहे एक युवक को गांव के ही दबंगों ने रास्ते में रोककर बेरहमी से पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम कोदहरा निवासी रंजीत (35) पुत्र छत्रपाल के मुताबिक, वो अपनी पत्नी के साथ बच्चे के लिए दवा लेने जा रहा था। रास्ते में गांव के ही विकेश, दिलीप, परसजीत और पुनीत ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने केस दर्ज कर लिया गया है।



पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राएं। अमृत विचार

### पोस्टर प्रतियोगिता के साथ जागरूकता की अलख

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अन्तर्गत में स्वस्थ्य विभाग, पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इण्डिया) और केन्वयू के सहयोग से पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन में स्कूली छात्र–छात्राओं के साथ डायरिया के प्रति जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने डायरिया से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक, रोल प्ले, पोस्टर प्रतियोगिता व लेखन के माध्यम से बच्चों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा. दीपेन्द्र वर्मा द्वारा दस्त रोग व बचाव पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह एवं प्रधानाचार्य किरन मिश्रा, आरकेएसके कोआर्डिनेटर शिवाकान्त एवं क्षेत्रीय आशा सविता दुबे, प्रीती अवस्थी एवं पीएसआई इण्डिया से कमलेश कुमार एवं अश्वनी कुमार मिश्रा तथा समस्त शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# भाई–भाभी की हत्या कर खुद को किया घायल

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** शराब का नशा सिर चढ़कर इतना बोला कि घर में ही भाई ने अपने भाई और भाभी को धारदार हथियार से वारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के चश्मदीद मृतक दंपति के बच्चों ने बताया कि दोनों चाचाओं ने शराब के नशे में दौड़ाकर पहले उनके पिता फिर मां को मार डाला। वारदात के बाद एक आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया। जिसका उपचार लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वारदात को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बच्चों के बयान लिये हैं।

नैमिषारण्य थानाक्षेत्र के ठाकुर नगर निवासी हरीश (40) पुत्र मिश्रीलाल अपने घर पर था। देर रात खाना खाकर वो अपनी पत्नी पूनम (37) और चार बच्चों के साथ बातचीत कर रहा था। तभी छोटा भाई श्यामू और रामू शराब पीकर घर आ गए, प्रत्यक्षदर्शी हरीश के पुत्र आर्यन और पुत्री तानवी के मुताबिक, शराब के नशे में आए दोनों चाचा श्यामू और रामू उसके पिता से झगड़ने लगे। जब पिता ने विरोध किया तो श्यामू दूसरे कमरे से लपककर कुल्हाड़ी उठा लाया। झगड़ा बढ़ गया, पूनम को बचाते हुए हरीश ने कई वार झेले, बाद में पूनम पर भी हमला हुआ। कुछ ही देर में दोनों की मौत हो गई। खुद को बचाने के लिए रामू ने खुद पर भी वार किया, जिससे वो घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। एसओ नैमिष नवनीत मिश्रा का कहना है कि मृतक पूनम के भाई गोपी की तहरीर पर दोहरे हत्याकाण्ड में श्यामू और रामू के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। रामू का उपचार लखनऊ में हो रहा है, जबकि श्यामू फरार है।

वहीं, वारदात की सुबह हरीश के घर के बाहर चंद रिश्तेदारों के अलावा कोई भी नहीं था। पड़ोसी भी कुछ बताने से घबरा रहे थे। हरीश की विवाहिता बहन सुशीला रामकोट थानाक्षेत्र के परसेहरा खबर सुनकर आई थीं।

**एंबुलेंस की लेटलतीफी पर शुरू हुई जांच :** बताते हैं कि जिस समय हरीश स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, वो जिंदा था। ऐसे में उसे लखनऊ ले जाना था। तकनीकि अव्यवस्थाओं के चलते एंबुलेंस 50 मिनट से अधिक समय तक खड़ी रही। ऐसे में हरीश की मौत हो गई। सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि तकनीकि अव्यवस्था के मामले में हुई लापरवाही को लेकर जांच कराई जा रही है।



हरीश (फाइल फोटो)



पूनम (फाइल फोटो)



घटना का चश्मदीद आर्यन

- चश्मदीद रहे बच्चों ने पुलिस को दिए बयान, घायल का लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो रहा है उपचार

### सिर से उठा मां-बाप का साया, ननिहाल ने अपनाया

महोली इलाके के बड़ा गांव निवासी पूनम के भाई गोपी और परिवार के अन्य लोगों ने आकर चारों बच्चों को संभाला। गोपी बताते हैं कि श्यामू और रामू पहले भी इस तरह से झगड़ा करते थे। लेकिन किसी तरह मामला शांत कर दिया जाता था। बताते हैं कि मां–बाप का साया छिन जाने के कारण वो बहन के बच्चों आर्यन, तानवी, आरव, संजय को घर ले जाकर पालन–पोषण करेंगे।

# फार्म–6, 7 और 8 से होंगे संशोधन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

- कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर डीएम की अध्यक्षता में बैठक

**अमृत विचार:** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। डीएम डा. राजगणपति आर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से दावे-आपत्तियों पर चर्चा की। सभी दलों ने प्रक्रिया को संतोषजनक बताया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अर्हता तिथि पहली जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी डा. राजगणपति आर ने की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से दावों एवं आपत्तियों से संबंधित सुझाव और शिकायतों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रकाशित मतदाता सूचियों पर दावे व आपत्तियां 6 मार्च 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। नए मतदाता फार्म-6, संशोधन या स्थानांतरण के लिए फार्म-8 तथा नाम हटाने के लिए फार्म-7 जमा कर सकेंगे। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं से अग्रिम आवेदन करने की अपील की गई। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी व दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



दावे–आपत्तियों को लेकर जानकारी लेते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.।

### ट्रेनिंग में व्यवधान और अनुशासनहीनता पर सफाई कर्मी निलंबित

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खंड महोली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सफाई कर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत महोली विकास खंड सभागार में ग्राम प्रधानों के लिए दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस दौरान राजस्व ग्राम पिपरझला में तैनात सफाई कर्मी विश्वनाथ अंबेडकर अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। आरोप है कि वह बिना अनुमति प्रशिक्षण स्थल पर पहुँच गए और वहां ग्राम प्रधान महेंवा के साथ वाद-विवाद कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। जिसके बाद मामले की जांच कराई गई जिसमें सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की रिपोर्ट के आधार पर डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू ने सफाई कर्मी को निलंबित करते हुए उसे महोली विकास खंड से संबद्ध कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचा.) खैराबाद, ओमप्रकाश को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को 15 दिनों के भीतर आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश भी दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान कर्मचारी को नियमों के तहत केवल निर्वाह भत्ता देय होगा।

# मंडलीय खेलकूद में सीतापुर ने 17 पदक झटके

संवाददाता सीतापुर

- योगासन व कबड्डी में गोल्ड, भूमिका बनीं व्यक्तिगत चैंपियन

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित मंडलीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में सीतापुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 3 रजत और 10 कांस्य पदक अपने नाम किए। योगासन, कबड्डी और एथलेटिक्स में जिले ने दम दिखाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, कंटिजेंट लीडर विकास कुमार एवं टीम प्रभारी राज शर्मा के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित मंडलीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में जनपद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सीतापुर ने कुल 17 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। योगासन बालक एवं बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण तथा बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया गया। 100 मीटर दौड़ में रजत पदक भी जिले के खाते में आया। बालिका वर्ग में भूमिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों व अभिभावकों ने प्रसन्नता जताई। टीम के साथ प्रमोद दीक्षित, मोहम्मद जुनेद, प्रदीप तिवारी, अनूप शुक्ला, रविंद्र सोनकर सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग दिया।

# मांगीं मुल्क में सलामती–खुशहाली के लिए दुआएं

संवाददाता सीतापुर।

**अमृत विचार:** पहला रोजा बड़ी ही अकीदत के साथ पूरा हुआ। बच्चों ने भी रोज रखकर मुल्क में अमन और चैन के साथ खुशहाली की दुआएं मांगी।

बुधवार चांद दिखने के बाद मुकद्दस महीने की शुरुआत हुई। पहले दिन ही धूप के बीच रोजेदारों का इम्तिहान शुरू हुआ। छोटे-छोटे बच्चों ने रोजा रखा। परिवार के बड़े लोगों ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक थी। अरीबा नाज ने बताया कि उन्होंने मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी। मोहम्मद बिलाल ने बताया कि मां-बाप ने हौसला बढ़ाया। नेक आमाल बनने की सलाह दी। अरीशा नाज, मंतशा, अबू असर और मोहम्मद अली कहते हैं कि हम सबको आपस में भाई-चारे के साथ रहकर देश की उन्नति के लिए प्रयास करते रहने चाहिए।



अरीबा नाज



मोहम्मद बिलाल

### दो सुपरवाइजरों का कटा वेतन

**सीतापुर।** जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम डा. राजागणपति आर. ने बाल विकास योजनाओं की समीक्षा की। विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति का आकलन करते हुए धीमी प्रगति वाले ब्लॉकों को सुधार के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक डीएम डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सकरन विकास खंड की सीडीपीओ व मुख्य सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीएचआर वितरण व अन्य योजनाओं में खराब प्रगति पर पिसावां ब्लॉक की सीडीपीओ और सुपरवाइजरों को चेतावनी नोटिस जारी करने, दो अनुपस्थित सुपरवाइजरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डा. सुरेश कुमार व डीपीओ मनोज कुमार मौजूद रहे।

# हरैया पड़ाव के लिए नैमिष में लगे जयश्रीराम के जयकारे

मिश्रिख/ नैमिषारण्य/ सीतापुर

**अमृत विचार :** त्रेतायुगीन मर्यादाओं और सनातन संस्कृति की अटूट आस्था की प्रतीक '84 कोसी परिक्रमा' अपने पूर्ण वैभव के साथ आगे बढ़ रही है। नैमिषारण्य की पावन रज को माथे से लगाकर निकला साधु-संतों और श्रद्धालुओं का जत्था सीतापुर की दहलीज लांघकर पड़ोसी जिले हरदोई की सीमा में प्रवेश कर गया। 'बोलो कड़ाकड़ सीताराम' के गगनभेदी जयघोष से समूचा तराई क्षेत्र राममय हो उठा है।

गुरुवार तड़के करीब 3:40 बजे, जब दुनिया गहरी नींद में थी, तब 'कोरौना' पड़ाव पर 'डंका' बजते ही भक्ति का अनूठा दृश्य जीवंत हो उठा। परंपरा के अनुसार, परिक्रमा के अध्यक्ष महंत नारायण दास रथ पर सवार होकर आगे बढ़े, जिनके पीछे हजारों की संख्या में नंगे पांव चल रहे श्रद्धालु और अश्वारोहियों का जत्था चल पड़ा। भोर की पहली किरण फूटने से पहले ही गोमती के तटवर्ती इलाकों में शंखध्वनि और घंटों की आवाज गूंजने लगी थी।

जैसे ही रामादल ने हरदोई जिले की सीमा में प्रवेश किया। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और 'जय श्री राम' के नारों के साथ यात्रियों का अभिनंदन किया। मुख्य पड़ाव 'हरैया' गांव है। जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। भारी भीड़ को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी और नागरिक सुरक्षा बल तैनात है।



हरदोई सीमा स्थित हरैया पड़ाव की ओर जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### परिक्रमा में दिखी सेवा भाव की अनूठी मिसाल

परिक्रमा मार्ग पर केवल श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि सेवादारों का भी जोश देखते ही बन रहा है। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय मठ–मंदिरों द्वारा 'हरैया' मार्ग पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है। रास्ते भर कहीं गर्म चाय, तो कहीं फल और अल्पाहार का वितरण किया जा रहा है। पैरों में छालों की परवाह किए बिना 80 साल के बुजुर्ग से लेकर 5 साल के बच्चे तक इस कठिन यात्रा को संकल्प के साथ पूरा कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन को लेकर मारपीट, मां-बेटा घायल, भर्ती

**जगतपुर :** जगतपुर थाना क्षेत्र के पारी गांव में जमीनी विवाद को लेकर रामू पुत्र रामचरन (35) से परिवार के ही लोग मारपीट करने लगे। इस दौरान बचाने दौड़ी उसकी मां केवला देवी (70) पर भी लाठी डंडों से विपक्षियों ने हमलाकर दिया। जिससे मां-बेटा घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### युवक पर मुकदमा दर्ज

**डलमऊ ।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर दी है। उसने आरोपी संगम पुत्र धर्मेंद्र पर रास्ते से उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### उठा ले गए खड़ंजा मार्ग की ईंट

**ऊंचाहार।** गांव के दो लोग छह साल पहले खड़ंजा मार्ग की ईंट उठा ले गए, अब आम रास्ते पर नींव खोदकर निर्माण करके कब्जा कर रहे है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव अड्डा मजरे कल्याणी के ग्रामीणों का कहना है कि करीब 6 साल पहले गांव के आम रास्ते में लगे खड़ंजा मार्ग में मरम्मत के लिए ईंट उखाड़कर सुरक्षित रखी गई थी। जिसको गांव के दो लोग उठा ले गए और उसको अपने निजी कार्य में लगा लिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की तो प्रधान ने नया खड़ंजा लगवाने का आशवासन दिया। इस बीच अब ईंट उठा ले जाने वाले दोनों लोगों ने आम रास्ते में नींव खोदकर निर्माण शुरू कर दिया है, जिससे पूरे गांव का आवागमन बाधित हो रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम से सामूहिक रूप से शिकायत की। एसडीएम ने मामले में जांच और कार्रवाई के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है। शिकायती पत्र सौंपने वालों में दुर्गा प्रसाद, आसमा, लालता प्रसाद, सूरज कुमार, आलोक कुमार, राकेश कुमार, सर्वेंद्र सिंह, शुभम, राजपति, रमेश कुमार, राम अभिलाष, संतलाल, मनोज, संतलाल, जगतपाल, रामप्रकाश आदि शामिल थे।

### बारात में चले लाठी डंडे, पांच घायल

**महराजगंज :** कोतवाली क्षेत्र के कोडरी मजरे मोन गांव में गुरुवार की सुबह बारात में हुए विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। हमले में पांच महिलाएं घायल हो गई हैं, जिसमें से एक गर्भवती महिला की नाजुक हालत होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को कोडरी निवासी गुरुचरण के बेटे की बारात जुगराजपुर मजरे मोन गांव गई थी, जहां द्वारचार के दौरान बारातियों में ही कहासुनी हुई। हालांकि उस समय मामला शांत करा दिया गया था। बारात वापस लौटने के बाद गुरुवार की सुबह विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हमले में मदनिया निवासी सीमा पत्नी जीतपाल, पूरे शिवराम गांव की फूलमती, पहरांवा की ज्ञानवाती, दुल्लागंज की रामावती व गुरुशरन की मानसिक विक्षिप्त बेटी माया को चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल सीमा को चिकित्सकों ने सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मदनिया गांव निवासी सीमा ने तहरीर दी है। घायलों को इलाज के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## खिलौने को लेकर भाई-बहन में झगड़ा, किशोर ने लगाई फांसी

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसरावां गांव में गुरुवार की दोपहर भाई-बहन के बीच हुए मामूली खिलौने का विवाद भाई की आत्महत्या का कारण बन गया। किशोर मयंक पुत्र संतोष कुमार (11) अपनी बहन मुस्कान (14) के साथ कुछ खिलौने लेकर घर में खेल रहा था। तभी दोनों भाई-बहन के बीच खिलौने खेलने को लेकर कहासुनी हो गई, जो कि विवाद में तब्दील हो गई। इससे गुस्सा होकर घर के अंदर परिजनों की गैरमौजूदगी पर उसने घर के कमरे के अंदर लगे धान के बोरों में एक बांस के सहारे उसमें रस्सी बांधकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। काफी देर तक दिखाई न देने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे लटक रहे किशोर के शव को देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों की चीख पुकार सुनकर आसपास के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। परिजनों द्वारा तुरंत किशोर को इलाज के लिए निजी वाहन से सीएचसी बछरावां पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान उक्त किशोर मयंक को मृत घोषित कर दिया। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है। किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## झाड़ियों में अचेत अवस्था में मिली किशोरी, भर्ती

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के झम्मन का पुरवा मजरे ममुनी निवासी राजेश की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री बुधवार की दोपहर अचानक गायब हो गई। परिजनों ने खोजबीन के बाद बेटी के गायब होने की तहरीर पुलिस को दी। गुरुवार को गांव के समीप स्थित नहर के किनारे झाड़ियों में किशोरी अचेत अवस्था में बरामद हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। पुलिस ने होश आने पर उसका बयान लेना चाहा लेकिन वह कुछ बता पाने की स्थित में नही थी। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी बरामद हो गई है।

## युवक ने कुएं में लगाई छलांग, डूबने से हुई मौत

शिवगढ़ (रायबरेली)

**बीमारी से था परेशान**

- शिवगढ़ थाना क्षेत्र चतुर खेड़ा मजरे खजुरों गांव का मामला

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र चतुर खेड़ा मजरे खजुरों में युवक की कुएं डूबने से मौत गई। घटना गुरुवार सुबह की है। सूचना पर पहुंची डायल 112 पीआरबी पुलिस ने कांटा डालकर युवक के शव को बाहर निकाला और मामले की सूचना थाने में दी। सूचना पर पहुंची शिवगढ़ पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक रमेश कुमार (22) पुत्र स्व. श्रीकृष्ण जो पिछले कई वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रहा था। गुरुवार की सुबह दरवाजे बैठा था तभी पता नहीं क्या उसके मन में आया और उसने दरवाजे स्थित इन्दारा कुएं में छलांग लगा दी। जिसे देखकर पड़ोस की रहने वाली एक महिला द्वारा युवक की जान बचाने की आवाज़ सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने पहले ऊपर से रास्सा डाला फिर रस्से के सहारे कुएं में उतरकर देखा, किन्तु वह डूबने के बाद वापस दोबारा ऊपर नहीं आया। कुआं बड़ा होने के चलते ग्रामीण पानी के अन्दर उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पीआरबी पुलिस ने कांटा डालकर मृतक के शव को बाहर निकाला और मामले की सूचना शिवगढ़ पुलिस को दी। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। वहीं गांव में शोक की लहर है।

वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से मामले की तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


रमेश कुमार की फाइल फोटो।

### गोद लिया था पुत्र और मां का सहारा छिना

स्व. श्रीकृष्ण और उनकी पत्नी कान्ती देवी के कोई संतान नहीं थी। इसलिए उन्होंने अपने एक रिश्तेदार से रमेश कुमार को गोद लिया था। दोनों पति-पत्नी मृतक को सगे बेटे से ज्यादा लाड़ प्यार करते थे। बताते हैं कि श्रीकृष्ण की करीब 8 साल पहले मौत हो गई थी। रमेश कुमार ही कान्ती देवी का इकलौता सहारा बचा था। जिसकी मौत से उसके घर का चिराग बुझने के साथ ही उसका इकलौता सहारा भी छिन गया। ग्रामीणों की माने तो रमेश कुमार पिछले कई सालों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रहा था, जिसे परिजन लाग-बीग मानकर झांड़-फूक और दुआ भभूत में पड़े थे।

# नगर पंचायत का 40 वर्ष का सफर, विकास बेखबर

## दो-दो वीआईपी जिलों से जुडने के बावजूद नगर पंचायत परशदेपुर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली


मटियारा चौराहे पर स्थित जर्जर मंडी परिसर। अमृत विचार


बदहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पसरा सन्नाटा।

**अमृत विचार।** जन्म से 43 वर्ष का सफर व्यक्ति को परिवार के पालन पोषण के लिए परिपक्व बना देता है, किन्तु नगर पंचायत परशदेपुर के गठन के 43 वर्ष बीतने पर भी अभी तक विकास का कोई रोड मैप नहीं बन पाया है। नगरवासियों की माने तो नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं का ढांचा भी विकसित नहीं किया गया है। अभी भी उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय, स्वास्थ्य के लिए सुविधाओं से युक्त चिकित्सालय, बच्चों के लिए खेल का मैदान, सुगम यातायात के लिए यातायात साधनों सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं का अभी भी अभाव नगर क्षेत्र की जनता को खटक रहा है।

19 फरवरी का दिन था और वर्ष था 1983। अब से 43 वर्ष पहले परशदेपुर को नगर पंचायत बनने का गौरव प्राप्त हुआ था लेकिन नगर पंचायत के गठन के 43 वर्ष बीतने के बाद की तस्वीर देखें तो नगरवासी अब भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। 19 फरवरी 1983 को अहोरारामपुर, सुनगा, फागूपुर व संसारी के आंशिक भाग को लेकर नगर पंचायत का गठन किया गया था। कस्बा रायबरेली जिले में आता है लेकिन संसदीय क्षेत्र अमेठी है। दो वीआईपी जिलों से जुड़े रहने के बावजूद 14828 आबादी वाली नगर पंचायत को जरूर सुविधाएं मयस्सर नहीं है। 1987 में पेयजल की सुविधा की पानी की टंकी का निर्माण हुआ था। 39 साल पुरानी टंकी जर्जर हो गई है। अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि पाइप लाइन जाम होने से वार्ड नंबर 09 में पानी की आपूर्ति नहीं होती है।

**बीमार अस्पताल, जाम से नहीं निजात:** कस्बे का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद ही बीमार रहता है। पर्याप्त स्टाफ है और ना ही सुविधाएं हैं। सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों को मजबूरन झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ता है। आशीष कौशल ने बताया कि सब्जी की दुकानें मुख्य चौराहे व कटरा बाजार में सड़कों पर लगती हैं जिसकी वजह से अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है।

**डग्गामार वाहनों के भरोसे यात्री, खेल सुविधाओं का इंतजार:** यहां से कहीं भी जाने के लिए डग्गामार वाहन ही एक मात्र सहारा है। एडवोकेट राज कपूर सिंह ने बताया कि रायबरेली से शाम 6 बजे के बाद परशदेपुर आना हो तो कोई भी वाहन नहीं मिलता है। इसी तरह खेल मैदान नहीं होने के कारण गेवड़े के कब्रिस्तान और सीता सागर तालाब में खेलने को बच्चे मजबूतर हैं। मो. जावेद उर्फ मुन्ना का कहना है कि जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ आश्वासन ही दिया है।

### इनके हाथों में रह चुकी है नगर पंचायत की कमान

| | |
|---|---|
| सीपी श्रीवास्तव- | 1988 से 1991 |
| सूरज दीन निर्मल- | 1995 से 2000 |
| गीता देवी- | 2001 से 2006 |
| रूबैदा खान- | 2006 से 2011 |
| जमाल अख्तर- | 2012 से 2017 |
| विनोद कौशल- | 2017 से अब तक। |


विनोद कौशल।

माता मिढ़ुरिन देवी धाम और सीता सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा। स्टैंड पोस्ट टंकी स्थापित कराकर स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। 16 लाख लीटर की दो पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। एक दर्जन से अधिक हाइमास्क लाइट लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर स्टेडियम और रामलीला मैदान का निर्माण कराने की मांग भी की गई है।

**-विनोद कौशल, अध्यक्ष नगर पंचायत परशदेपुर।**


किशोरी लाल शर्मा।

खूब ढिंढोरा पीटा जाता है कि डबल इंजन की सरकार है। इसके बावजूद नगर पंचायत परशदेपुर की ये स्थिति है। अपने स्तर से समस्याओं के निस्तारण के लिए जो संभव होगा वो प्रयास किया जाएगा।

**-किशोरी लाल शर्मा, सांसद - अमेठी।**

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**जगतपुर (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से युवक लगातार 5 वर्षों से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था। शादी से इनकार करने पर पीड़िता के पिता ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जगतपुर थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि आरोपी विपिन यादव पुत्र लेखराज यादव निवासी पूरे गरीब मजरे पारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### विवाहिता की मौत पर पति, सास सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज


कृष्णावती की फाइल फोटो।

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुर नेरुवा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब हो कि बीती मंगलवार को शिवगढ थाना क्षेत्र के रायपुर नेरुवा में सदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहित कृष्णावती (20) पत्नी हंसराज की मौत हो गई थी। ससुरालीजनों का कहना था कि महिला ने फांसी लगाई थी जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। बुधवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में मायके हिन्दूगंज में मृतका का अंतिम संस्कार किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मृतका के भाई रजनीश की तहरीर पर रायपुर नेरुवा निवासी मृतका के पति हंसराज, सास शीला पत्नी कंधई, नन्द, नन्दोई सहित के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के भाई की तहरीर पर मृतका के पति, सास तथा नन्द, नन्दोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गोल चौराहे पर चढ़ा ट्रेलर, विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार।** बांदा-बहराइच राजमार्ग के चौड़ीकरण में हो रही देरी अब जानलेवा साबित हो रही है। गुरुवार की देर रात बछरावां से हैदरगढ़ जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर भवानीगढ़ चौराहे पर अनियंत्रित होकर गोल चौराहे पर चढ़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चबूतरे पर लगा 51 फीट ऊंचा हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। क्षेत्र के अखिलेश चौरसिया, सुबोध सिंह, राजेश, मनीराम, तौसीफ सहित दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर हाईवे के शीघ्र चौड़ीकरण की मांग की है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन महिपाल सिंह का कहना है कि हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर कार्रवाई चल रही है, तब तक के लिए हाईवे की पटरियों की भराई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहीं शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहे पर बछरावां रोड़, हैदरगढ़ रोड़, शिवगढ़ रोड़ तथा बेड़ारु रोड पर दुकानदारों ने पक्की सड़क के ऊपर तक अवैध अतिक्रमण फैला रखा है। आलम यह है कि ग्राहक दुकानों के सामने साइकिल, मोटरसाइकिल आदि वाहन खड़े कर देते हैं जिसके चलते सड़क से गुजरने वाले वाहनों के निकलने, मुड़ने एवं पैदल चलने वाले राहगीरों के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती। जिसके कारण भी हर समय दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।


शिवगढ़ में गोल चौराहे पर चढ़ा ट्रेलर।

## सलोन में सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा का निकल रहा दम

**सलोन (रायबरेली)।** सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा... का दम भरने वाली सलोन की पुलिस बड़ी लापरवाह निकली। मृतक की बहन ने बताया कि भाई की तलाश के लिए अपनी मां के साथ पुलिस से मदद की गुहार लगाई तो थाने के दरोगा ने मदद के बजाए अपशब्द भाषाओं से नवाजा। दोनों मां- बेटी को गाली ही नही दी, बल्कि यह तक कहा की कोई भगवान नही है हम जो तुम्हारे भाई को तुरंत खोज लेंगे। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि दरोगा द्वारा हम दोनों मां- बेटी को फ्राड भी बोला गया। देखा जाए तो स्थानीय पुलिस ने पूरे घटनाक्रम में लापता इंसान को खोजने के बजाए घटना को हल्के में लेना उचित समझा। घर से दूर जगतपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव स्थित सड़क किनारे खंती में बाइक सवार युवक मोहित का शव पानी में उतराता मिला था। युवक 12 फरवरी को पूरे बैसन मजरे जिगना गांव थाना जगतपुर पत्नी सपना को विदा कराने के लिए निकला था।

## मार्ग पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम, प्रदर्शन

सलोन (रायबरेली)


सलोन-ऊंचाहार मार्ग जाम किये ग्रामीण।


रोड पर शव के साथ आक्रोशित परिजन। अमृत विचार

- कई दिनों से लापता युवक का खंती में मिला था शव

**अमृत विचार।** लापता युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के दूसरे दिन बवाल करना शुरू कर दिया। गुरुवार को सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर शव रखकर रोड जाम कर दिया। इस दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी होने और आर्थिक सहायता मिलने तक शव को दफनाने से इनकार कर जमकर शोर शराबा मचाया। जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर गाड़िया की कतार लग गई। सीओ की ओर से सभी दोषियों की जांच के बाद गिरफ्तारी और एसडीएम की ओर से आर्थिक सहायता आवासीय पट्टे के आश्वासन के बाद मार्ग जाम हटाया गया।

युवक के लापता होने पर पुलिस की ओर से खोजबीन करने में बरती गई लापरवाही और नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने के चलते गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज परिजनों ने मृतक मोहित पुत्र गेंदालाल की लाश को सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर रखकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। इधर मार्ग जाम की सूचना पर सलोन, डीह, नसीराबाद थानों की फोर्स घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस परिजनों को भरसक समझाने का प्रयास करती रही। लेकिन आक्रोशित भीड़ किसी की सुनने को तैयार नही थी। परिजनों का आरोप था कि लापता युवक की खोजबीन के लिए पुलिस से जब मदद मांगी गई तो उसे थाने से दरोगा ने गाली देकर भगा दिया गया। जिन लोगों के विरुद्ध बेटे के लापता होने की शिकायत की गई थी। पुलिस उन्हें थाने पर लाकर छोड़ देती है। परिजनों ने आरोप लगाया की पुलिस ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया होता तो उनका बेटा आज जीवित होता।

वही मार्ग जाम की सूचना पर सीओ सलोन के साथ एसडीएम भी पहुंच गए। एसडीएम द्वारा आर्थिक सहायता आवास कालोनी के आश्वासन देने पर नाराज परिजनो का गुस्सा शांत हुआ। एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने बताया कि मृतक के परिजन गरीब है। उनके द्वारा आवासीय पट्टा एवम दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। उन्हें दोनों मांगो पर आश्वाशन देकर मार्ग जाम बहाल कराया गया है। सीओ सलोन यादवेन्द्र बहादुर ने बताया कि जांच उपरांत दोषियों पर कार्यवाही होगी।

**पत्नी ने दोस्तों पर लगाया पति को बुलाने का आरोप:** पत्नी सपना ने बताया कि उनके पति मोहित का फोन दो फरवरी को उनके ही दोस्तों ने चोरी कर लिया था। तीन फरवरी को फोन देने के लिए बुलाया, लेकिन नहीं दिया। सपना के मुताबिक 12 फरवरी को उसका पति मोहित उसे लेने उसके मायके जा रहे थे।

### प्राथमिक विद्यालय में मना वार्षिकोत्सव

**रायबरेली, अमृत विचार।** डीह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे शिव बक्श में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले शिक्षार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान काली बक्श सिंह थे। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावां प्रभारी प्रधानाध्यापक नजमुल अहद के द्वारा ग्राम प्रधान एवं एसएमसी अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, साबरमती, मंजू, मायावती, शोभा, तारावती, नैंसी रेखा, सावित्री, कमलाकान्त पांडेय, आशा कुमारी आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक।

**निरीक्षण** | पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने लालगंज कोतवाली का जायजा लेने के दौरान दिए निर्देश

# थाने का प्रत्येक शस्त्र तुरंत चलने की स्थिति में होना चाहिए

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने लालगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की समस्त गतिविधियों की जांच की। पुलिस अधीक्षक में सबसे पहले बैरिक और भोजन मेस का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैरिक के पास स्थित भगवान शिव की मूर्ति को भी व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दीवान सुशील यादव से एसएलआर राइफल की मैगजीन चैम्बर को खोलने का निर्देश दिया, जिसे खोल पाने में वह असमर्थ रहे।

हालांकि प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने राइफल को खोलकर थाने की इज्जत बचाई। एसपी ने शस्त्रों और उसके अंदर मैगजीन चेंबर के नंबरों का मिलान भी किया। शस्त्रों की साफ-सफाई और रखरखाव से जिले के एसपी नाखुश दिखे, उन्होंने कहा कि थाने का प्रत्येक शस्त्र तुरंत चलने की स्थिति में होना चाहिए।

उन्होंने महिला सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं पर भी सख्त निगरानी की बात कही। एसपी ने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और लापरवाही पर थानेदारों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने थानों में महिला हेल्प डेस्क, बैरक और मेस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।


शस्त्रों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार। अमृत विचार

### स्मार्ट मीटर की बताई गईं उपयोगिता

**रायबरेली, अमृत विचार।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 9 फरवरी से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता और उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जा रही है। अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन भुगतान, रियल-टाइम खपत की जानकारी, बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण तथा पारदर्शी और सटीक बिलिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं। अभियान से विभिन्न मोहल्लों व घर-घर जागरूकता फैलाई जा रही है। अधिशासी अभियंता वितरण उमेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी विशाल सिंह कुशवाहा, अवर अभियंता चंद्रेश पटेल, अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड अजय मौर्या, प्रोजेक्ट मैनेजर लाल बाबू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिकारी से मारपीट प्रकरण में रीमेडिकल पर अड़े चालक

**रायबरेली।** सीएमओ कार्यालय में बीते मंगलवार को हुए विवाद में चालक के खिलाफ एफआईआर और निलंबन की कार्रवाई से मामला बढ़ गया है। चालकों ने सीएमओ की इस कार्रवाई को एकतरफा बताया है। वहीं रिमेडिकल कराने की मांग एसपी से की है। साथ ही जिला प्रशासनिक अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासनिक अधिकारी डा. देशबंधु ने तहरीर देकर चालक सुनील कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शहर कोतवाली में मामला दर्ज होने के बाद चालकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि सीएमओ द्वारा एकतरफा कार्रवाई किया गया है। निलंबन के साथ ही सरेनी सीएचसी से संबद्ध किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**डलमऊ (रायबरेली)।** बुधवार को देर रात गंगा पुल डलमऊ पर तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर की आगे चल रहे डंपर में टक्कर हो गई। दुर्घटना में चालक राममिलन पुत्र रामसनेही निवासी जरैला महराजगंज घायल हो गया। घायल को डलमऊ पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रक को पुलिस कस्टडी में रखा गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटनास्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर।

### भगवान शिव की निकाली गई बारात

**रायबरेली।** भूत भावन भगवान शिव एवं आदि शक्ति मां जगदम्बा की कृपा से निर्माणाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार में पूर्व दिशा में भगवान शिव के परिवार एवं पश्चिम दिशा में आदि शक्ति मां दुर्गा जी के मंदिर का जीणोद्धार कराया गया है। दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम तीन दिवसीय (18 फरवरी से 20 फरवरी तक) चल रहा है। 19 फरवरी को भगवान शिव परिवार व माता रानी की धूमधाम से बारात निकाली गई। इस मौके पर मदन बाजपेई, जय प्रताप सिंह, रामबली सिंह, राजन कछवाह, महेंद्र कछवाह, महेंद्र अग्रवाल, डॉ. रवि प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विकास सिंह आदि लोग रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्वेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**रायबरेली :** सर्वेश्वर महादेव शिव मंदिर अंबिका देवी प्रांगण गोरा बाजार का वार्षिकोत्सव 20 फरवरी को मनाया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के अजय सिंह उर्फ सोनू ने दी है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी 2025 को मंदिर का स्थापना दिवस सम्पन्न हुआ था। उसी क्रम में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पूजन अर्चन के साथ ही भंडारा भी होगा।

### अनियंत्रित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 6 घायल

**अमेठी।** जनपद अमेठी के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में बीती रात्रि एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। नवोदय विद्यालय के समीप एक अनियंत्रित वाहन गहरे खड्डे में जा गिरा। इस हादसे में वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की गति बहुत तेज थी। चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे पलट गई। बारात जनपद के एक गंतव्य की ओर जा रही थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी छह यात्री मलबे में बुरी तरह फंस गए। घटना स्थल पर चीख-पुकार सुनकर स्थानीय नागरिक तुरंत मदद के लिए दौड़े। उन्होंने घायलों को निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस बल ने त्वरित बचाव अभियान चलाकर सभी घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति का आकलन किया। एक घायल युवक की हालत अत्यंत चिंताजनक पाए जाने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रायबरेली स्थित उच्च चिकित्सा संस्थान संदर्भित कर दिया गया है। वहीं गौरीगंज कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला तेज गति का है। अनियंत्रित ड्राइविंग के कारण दुर्घटना हुई प्रतीत होती है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी ने जानकारी दी कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मामले की वैधानिक जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### मारपीट के तीन दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती :** गाली देने व मारने-पीटने के दो अलग अलग मामले में गुरुवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने तीन आरोपियों को न्यायालय उठने तक की अवधि के कारावास व प्रत्येक को 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। भिनगा कोतवाली पुलिस ने आठ वर्ष पूर्व नगरा निवासी राजू पुत्र सियाराम को जेल भेजा था। मामले में सीजेएम ने दोषी को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास व 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं आठ साल पुराने मारपीट के एक अन्य मामले में सीजेएम ने भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम बहादुरपुर के मजरा महंतपुरवा निवासी मुलुकराज़ पुत्र रामसमुझ, रामसमुझ पुत्र रामफेरन को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास तथा प्रत्येक को 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### हादसे में युवक गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती) :** बौद्ध परिपथ स्थित नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कटरा बाईपास पर हाजी बाबा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में बाइक सवार बिजनौर जिले के नागल सोती थाना क्षेत्र के रायपुर खास निवासी अतुल कुमार (27) पुत्र सीताराम गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर क्षेत्र में फेरी का काम करता था। बुधवार रात वह बाइक से अपने घर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसे लखनऊ रेफर कर दिया।

# अनियमितता: पुरानी ईंटों से बनाई जा रहीं नालियां

**▶ ग्राम पंचायत पालपुर छोटा घोसियाना में लाखों की लागत वाले निर्माण में मानकों की अनदेखी जारी**



पुरानी ईंट से हो रहा नाली का निर्माण। अमृत विचार



निर्माण के लिए रखी पुरानी ईंट।

**राकेश मौर्या, जगदीशपुर (अमेठी)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पालपुर छोटा घोसियाना में चल रहे नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बन रही नालियों में निर्धारित मानकों की खुलकर अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण में पुरानी ईंटों और घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे नालियों की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में सही मिश्रण का उपयोग नहीं हो रहा और तकनीकी मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो नालियां कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और सरकारी धन की बर्बादी साबित होंगी। सूत्रों के मुताबिक, सरकारी नीलामी से आई घटिया ईंटों का उपयोग नाली निर्माण में किया जा रहा है।

आरोप यह भी है कि धांधली छिपाने के लिए निर्माण के बाद तत्काल प्लास्टर किया जा रहा है, ताकि पुरानी ईंटों से बने कार्य को नई ईंटों का भुगतान दिखाया जा सके। बताया जा रहा है कि इस मामले की शिकायत पहले भी जिला प्रशासन से की गई थी, लेकिन कार्रवाई केवल खानापूर्ति बनकर रह गई। जब इस सम्बन्ध में बीडीओ अंजली सरोज से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई बताया कि हमें जानकारी नहीं है।

### सफाई नहीं हो से कचरे से पट गईं नालियां

संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के विशेषरगंज बाजार में हाल ही में सड़कों के किनारे खुली नालियों का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों के भीतर नालियां कचरे से पट गई हैं। बाजार का ठोस कचरा नालियों में जमा होकर सड़ रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है और लोगों का आवागमन दूभर हो गया है।स्थानीय निवासी रामप्रताप सिंह, कप्तान सिंह, सुरेश सिंह और हरिश्चंद्र सोनी ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई न होने से स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। जमा कचरे के कारण न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों के साथ-साथ मच्छरों के प्रकोप में भी वृद्धि हो सकती है। बाजार के व्यापारियों और ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल नालियों की सफाई कराने, कचरा हटवाने और दवा का छिड़काव कराने की मांग की है, ताकि बाजार की स्वच्छता बनी रहे और लोगों को संभावित बीमारियों से बचाया जा सके। जिससे विशेषरगंज बाजार में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित हो सके।

### क्या बोले जिम्मेदार

डीपीआरओ मनोज त्यागी ने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी और अगर मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा है। तो दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# एंटी करप्शन टीम ने नलकूप विभाग के लिपिक को घूस लेते हुए दबोचा

**संवाददाता, अमेठी**

**कार्रवाई**

- **लिपिक अपने ही विभाग के चालक रिटायर्ड कर्मी से मांगे थे 15 हजार रुपए**

**अमृत विचार।** अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार दोपहर में अधिशासी अभियंता नलकूप खण्ड गौरीगंज में तैनात वरिष्ठ लिपिक को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने आरोपी लिपिक को मुंशीगंज थाने ले गई। जहां उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया और आरोपी से पूछताछ की एवं शिकायत कर्ता का भी बयान दर्ज किए। वहीं शिकायत कर्ता ने बताया कि सेवा अवधि से जुड़े देयकों के भुगतान के लिए वह विभागीय कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के बाबू एहसान अहमद ने भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बदले 15 हजार रुपये की मांग की थी।

शिकायत कर्ता बृजेश सिंह 21 जनवरी 2026 को चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवा अवधि से जुड़े देयकों के भुगतान के लिए वह विभागीय कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के बाबू एहसान अहमद ने भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बदले 15 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत का सत्यापन होने के बाद टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई।



एहसान अहमद की फाइल फोटो।

तय समय पर कार्यालय में रकम लेते समय टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान घूस की रकम बरामद हुई।

वहीं एंटी करप्शन टीम अयोध्या के हरिओम ने बताया कि आरोपी को मुंशीगंज थाने लाया गया, जहां आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एंटी करप्शन अधिकारियों ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करके मामले में साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

# परेशान सहायक अध्यापक ने की आत्महत्या

**संवाददाता, अमेठी**

- **ड्यूटी के दबाव से उठाया आत्मघाती कदम**

**अमृत विचार।** प्रतापगढ़ के गौहानी प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक राम प्रकाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह करीब 42 साल के थे और प्रतापगढ़ के मूल निवासी थे।

परिजनों के अनुसार, वह बीएलओ की ड्यूटी को लेकर काफी समय से परेशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राम प्रकाश अपने पीछे दो बेटे आलोक (14), अमन दीप वर्मा (12) और एक बेटी वंदना (17) छोड़ गए हैं। उनके पिता लल्लन वर्मा ने बताया कि राम प्रकाश बीएलओ की ड्यूटी से बहुत परेशान थे। सोमवार को बीआरसी ने उन्हें फोन कर आधार कार्ड व संबंधित कागजात जमा करने को कहा था। ऐसा न करने पर निलंबन की कार्यवाही की धमकी दी गई थी। इसी बीच उनकी गोहानी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी भी थी।



राम प्रकाश की फाइल फोटो।

मंगलवार को बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से घर वापस आने के बाद राम प्रकाश काफी परेशान थे। उन्होंने अपने पिता से कहा कि वह बीएलओ की ड्यूटी से बहुत तंग आ चुके हैं। इसके बाद वह अमेठी रायपुर फुलवारी स्थित अपने मकान में जाने की बात कहकर चले गए। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। काफी देर तक फोन न उठने पर परिजन चिंतित हो गए। परेशान परिजन आनन-फानन में अमेठी स्थित उनके मकान पर पहुंचे। वहां अंदर से दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने उसे तोड़ दिया। अंदर देखने पर राम प्रकाश फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले। इसकी सूचना तत्काल अमेठी कोतवाली पुलिस को दी गई।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

वहीं कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हवन के धुएं से भड़की मधुमक्खियां, दर्जनों लोग घायल

**अमेठी।** गुरुवार को रायदेपुर गांव में भागवत कथा के बाद हवन-पूजन चल रहा था। गांव के लोग एकत्र थे, तभी पास के पीपल के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में धुआं पहुंच गया और मधुमक्खियां अचानक आक्रामक हो गईं। उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमले में 70 वर्षीय संपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में भर्ती कराया गया। इसके अलावा विकास तिवारी, हरि नारायन, परमानंद, शंभू समेत कई लोग मधुमक्खियों के काटने से घायल हुए, जिनका इलाज निजी क्लीनिकों में कराया गया। हमले से मौके पर अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते रहे। घटना के काफी देर बाद मधुमक्खियां शांत हुईं, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### अमेठी कोतवाली की पुलिस पीड़ित पर ही कर दी शांतिभंग की कार्रवाई

**अमेठी, अमृत विचार।** सावधान! अगर आप किसी समस्या समाधान और न्याय की आस को लेकर अमेठी कोतवाली जाना चाहते हैं तो संभल जाइए। यहां की मित्र पुलिस आपको भी दोषी ठहराकर शांतिभंग में चालान कर देगी। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के टिकरी गांव में अराजक तत्वों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर ही शौचालय का बड़ा गड्ढा खोद दिया गया है। मुख्य मार्ग पर ही गड्ढा खोदे जाने से जहां आवागमन बाधित हो रहा है,वही बच्चों के गिरने का खतरा भी बढ़ गया है,साथ ही पाइप लाइन के कटने से भविष्य में दूषित जल का प्रवाह हो जाने का भी खतरा मंडरा रहा है। उस मार्ग से आने जाने वाले लोगों ने गड्ढा तैयार करने वाले गांव निवासी कन्हैयालाल मौर्य से आवागमन बाधित होने को लेकर बात की तो वे लोग मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित पक्ष ने न्याय की आस लेकर पी आर वी को सूचित करते हुए कोतवाली अमेठी पहुंचे, तो प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह ने दोषी के साथ पीड़ित को भी शांतिभंग में चालान के लिए थाने पर ही बैठा लिए। इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है, झगड़ा हो सकता है इसलिए चालान किया जा रहा है। जबकि पीड़ित पक्ष के लोगों में सुमित्रा देवी, रवि, रोहित साहू आदि ने बताया कि गड्ढा खोदे जाने से केवल मना किया जा रहा था, किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं हुआ है। झगड़ा बचाने के लिए ही पुलिस के पास सूचना देने आए थे लेकिन उल्टा पुलिस ने पीड़ित पर ही कार्यवाही करके मित्र पुलिस का फर्ज निभाया है।



सार्वजनिक मार्ग पर खोदा गया गड्ढा।

# चुनावी रंजिश में की गई थी शिव प्रसाद की हत्या

**तिलोई (अमेठी)**

- **लीही हत्याकांड में थाने का चौकीदार गिरफ्तार**

**अमृत विचार।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के लीही में हुई हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए थाने के चौकीदार अभियुक्त महेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी और अभियुक्त का पर्स भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को मृतक के बेटे जगदीश ने थाना मोहनगंज में पिता की हत्या की सूचना दी थी कि उनके पिता शिव प्रसाद, खेत में बने ट्यूबवेल और सुअर बाड़े की रखवाली करते थे, की रात में सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित की गई। बृहस्पतिवार को चेकिंग के समय मुखबिर की सूचना पर एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सवार महेश कुमार (35) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने चुनावी रंजिश और मृतक द्वारा दी गई धमकी के चलते हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि पहले लोहे की सरिया से वार किया, फिर कुल्हाड़ी और हंसिया से सिर और चेहरे पर कई वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद उसने कपड़े और जूते नहर में फेंक दिए थे। पुलिस के अनुसार हत्या में प्रयुक्त लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी और अभियुक्त का पर्स पहले ही बरामद कर लिया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि शिव प्रसाद की हत्या का मुख्य अभियुक्त थाने का ही चौकीदार है, जिसकी ड्यूटी 14 फरवरी 2026 की रात थाने पर थी। रात करीब 12 बजे वह चुपचाप थाने के पीछे के रास्ते से निकला, अपनी मोटरसाइकिल से घटनास्थल पहुंचा और सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया था।

# नशे में धुत देवर ने भाभी को उतारा मौत के घाट, गंभीर हालत में भाई रेफर

**खीरों (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** शराब के नशे में धुत चचेरे देवर ने भाई और भाभी पर हमला कर दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने भाभी को मृत घोषित कर दिया। वही भाई की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे सगुनी निवासी शोभालाल लोधी ने बताया कि मेरी पत्नी राजकुमारी लोधी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य थीं। गुरुवार की रात लगभग नौ बजे मेरा चचेरा भाई दिनेश कुमार शराब के नशे में अपने परिवार में अपनी पत्नी और बच्चों से मारपीट कर रहा था। मैं बीच बचाव करने पहुंचा। जिससे नाराज होकर दिनेश कुमार ने मुझे पकड़कर मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया तो मैं वहां से भागकर अपने घर पहुंचा। इसी दौरान दिनेश मुझे गाली देते हुए मेरे दरवाजे पहुंच गया। जहां मेरी पत्नी राजकुमारी लोधी को पकड़कर खड़ंजे में पटक पटक कर मारना शुरू कर दिया। जिससे मेरी पत्नी राजकुमारी गम्भीर रूप से घायल होकर गिरकर बेहोश हो गयी। आसपास के लोगों के बीच बचाव करने पर मैं एम्बुलेंस की मदद से अपनी पत्नी राजकुमारी को लेकर सीएचसी खीरो पहुंचा। जहां डॉक्टर मनोज मिश्रा ने राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि शोभालाल लोधी को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राजकुमारी की मौत की खबर गांव पहुंचते ही पुत्र दिलीप कुमार लोधी, बहू विनीता लोधी, पुत्री सीमा लोधी व नेहा लोधी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी खीरों से मिली सूचना के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पति शोभालाल के शिकायती पत्र के आधार पर मृतका के चचेरे देवर दिनेश कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



सीएचसी में मृतका पूर्व बीडीसी सदस्य राजकुमारी के रोते-बिलखते परिजन।

**वारदात**

### पड़वलिया गांव के पास हुई गौकशी

**सिरसिया (श्रावस्ती) :** सिरसिया थाना क्षेत्र के पड़वलिया गांव से गौकशी की घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर में एक गेहूं के खेत में गौवंश के अवशेष बरामद हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और बिसरा जांच के लिए लैब भेज दिया। पड़वलिया गांव निवासी रवि मिश्रा दूसरे शहर में रहते हैं। उन्होंने अपना खेत ग्रामीण राजीव श्रीवास्तव को बटाई पर दे रखा है। गुरुवार दोपहर में राजीव श्रीवास्तव खेत में लगी गेहूं की फसल देखने गए थे। जहा उन्होंने कुछ स्थानों पर मांस के टुकड़े पड़े देखे। इस पर उन्होंने पूरे खेत का मुआयना किया तो खेत में अलग अलग स्थानों पर गोवंश के मांस, खाल, सिर, पैर पड़े दिखाई दिए। इस पर राजीव ने सिरसिया थानाध्यक्ष को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### मखाने की खेती के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों भरपूर होने तथा हड्डियों, हृदय और पाचन के लिए अत्यन्त उपयोगी होने के कारण उद्यान विभाग द्वारा कृषको को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मखाने की खेती को सम्मिलित किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि मखाना की खेती के लिए कृषकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 09 व 10 मार्च 2026 को कृषि भवन के सभागार में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन निर्माण केन्द्र, मुजफ्फरपुर, बिहार के निदेशक राकेश सिंह द्वारा रिर्सोस पर्सन के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा। श्री सिंह मखाना के उत्पादक, विपणनकर्ता एवं अनुभवी उद्यमी हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कृषि भवन सभागार में आयोजित होने वाले 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मखाना की खेती करने वाले दरभंगा बिहार के प्रगतिशील एवं अनुभवी कृषक भी प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 945510800 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### बुजुर्गों का निःशुल्क होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी डा अमरनाथ यति ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार टल वयो अभ्युदय योजना चला रही है। इसके तहत 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का नि:शुल्क मोतियाबिन्द की सर्जरी जिलास्तरीय स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा चयनित स्वयंसेवी संस्था/अस्पताल द्वारा किया जायेगा। इस योजना में बीपीएल कार्ड धारक, अंत्योदय कार्ड धारक, निराश्रित एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिको को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक वृद्धजन आवश्यक दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, सहमति पत्र, स्वयं अथवा परिजन का मोबाइल नम्बर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष संख्या 49 में जमा कर सकते हैं।

**व्याख्यान कार्यक्रम** | आईएमए और आइरएसीएम के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजित, लखनऊ के प्रख्यात चिकित्सक होंगे शामिल

# रीमाकॉन में दिखेगी चिकित्सा विज्ञान की नई तकनीक

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** चिकित्सा विज्ञान में हो रही नई खोज और नवीन इलाज तकनीक आम लोगों तक कैसे पहुंचे इसे लेकर रायबरेली में डॉक्टरों का जमावड़ा लगेगा। 21 फरवरी को आईएमए और आईएसीएम के संयुक्त तत्वावधान मे रीमाकॉन 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

आईएमए रायबरेली अध्यक्ष डॉ. संजीव जायसवाल ने बताया कि लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट में प्रस्तावित इस कार्यक्रम के दौरान इन्सुलिन विध ओरल रूट, थ्रम्बोसाइटोपेनिया और हिमेटो ऑनकोलॉजी एन्ड बोन मेरो डिसआर्डर जैसे विषय पर बाहर से आए चिकित्सक अपने ज्ञान को डॉक्टरों के साथ साझा करेंगे। आईएसीएम अध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि इस आयोजन से जिले के डॉक्टर इस ज्ञान को अपनी चिकित्सा तकनीक में इस्तेमाल कर आम लोगों को इसका लाभ दिलायेंगे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम में लखनऊ से डॉक्टर अरुण पाण्डेय, मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर अंशुल गुप्ता व लखनऊ के डॉक्टर अर्पित गुप्ता जैसे दिग्गज चिकित्सक व्याख्यान देंगे।रीमाकॉन 2026 में सभी लेक्चर प्रातः 9:30 बजे से शुरू होकर शाम 5:30 बजे तक चलेगा। प्रथम सेशन प्रातः 9:30 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम का निर्देशन डॉ. धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे से 10 बजे तक इंसुलिन विद ओरल रूट ए न्यू ब्रेक थ्रू विषय पर डॉ अरुण पांडे डीएम एंडॉक्रिनलॉजी लखनऊ एंडोक्राइन डायबिटीज एवं थाइरॉएड क्लिनिक सेक्रेटरी डायबिटीज सपोर्ट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सेशन में सुबह 10 बजे से दूसरा लेक्चर एप्रोच टू अ केस ऑफ थ्रांबोसाइटोपेनिया विषय पर डॉ. अंशुल गुप्ता डायरेक्टर हेमेटो ऑकोलॉजी एंड बोन मैरो डिसऑर्डर्स, मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।

रीमाकान 2026 के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. डीआर मौर्या है। कार्यक्रम का संचालन आईएमए उपाध्यक्ष डॉ. मनीष चौहान और धन्यवाद सचिव डॉ. अनुपम दीक्षित ने ज्ञापित किया।




आईएमए भवन में रीमाकॉन आयोजन के बारे में जानकारी देते डॉ. ब्रजेश सिंह साथ में आईएमए अध्यक्ष डॉ. संजीव जायसवाल। अमृत विचार

## बस स्टेशन परिसर में कूड़े का ढेर, यात्री परेशान

**अमेठी, अमृत विचार।** कस्बे के बस स्टेशन परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। दक्षिणी हिस्से में बनी नाली कीचड़ और गंदे पानी से बजबजा रही है। वहीं पास में कूड़े का ढेर लगा होने से तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे रोज आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के मुताबिक बस स्टेश पर लोग नाक पर कपड़ा रखकर निकलने को मजबूर हैं। यहां आने वाले परेशान यात्रियों का कहना है कि यह इलाका आदर्श नगर पंचायत में आता है, फिर भी सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। परेशान लोगों ने जल्द सफाई कराकर कूड़ा हटाने की मांग की है।

### दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कानीबोझी (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनगई में विवाहिता की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतिका की मां ने ससुरालीजनो पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह ने घटना में वांछित जमील पुत्र जुग्गन को कानीबोझी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय ले जाया गया, वहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

### नवोदय विद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** करियर काउंसिलिंग एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर गुरुवार को पीएम श्री नवोदय विद्यालय सम्हारपुरवा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ परामर्शदाता जितेंद्र मिश्रा ने विभिन्न तरह के करियर, उनसे सम्बंधित विषय, योग्यता और प्रवेश परीक्षा के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सतत अभ्यास, समय प्रबंधन, संतुलित आहार, आदर्श स्वास्थ्य,आलस का त्याग और अच्छे साथियों के सहयोग से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इस समय स्टडी में इंटरनेट का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है, परंतु जितने डिजिटल रहे उतने फिजिकल भी रहे। प्रामाणिक पुस्तकों का अध्यन करें तथा शार्ट नोट्स बनायें।

